www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 175 || अम्बेडकरनगर
गुरुवार
17 सितम्बर 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 05:52
सूर्यास्त: 06:10
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 25°00



पेज 07

विशेष समाचार | भ्रष्टाचार की शपथ से भ्रष्टाचार... >> पेज 04 | नहर में डूब रहे युवक को... >> पेज 06 | उल्टी आरती कर रहे थे ...

## योगी बोले- पहले सैफई सिंडिकेट वसूली करता था, एक जिला एक माफिया थे, अब कर्फ्यू-दंगा नहीं

# चुनाव से पहले एक लाख सरकारी नौकरी देंगे : योगी

**घोषणा**

- 2017 के पूर्व गोरखपुर की गंदगी और बीमारी दरअसल सपा व कांग्रेस सरकारों की गंदी मानसिकता का परिणाम थी।
-मुख्यमंत्री योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार अगले छह माह में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रही है। इनमें 77 हजार भर्तियां सिर्फ पुलिस व होमगार्ड विभाग में होंगी। इसकी शुरुआत 19 सितंबर से होने जा रही है। सीएम ने वृद्धजन, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजन के लिए भी बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 1 करोड़ 10 लाख वृद्धजन, निराश्रित महिलाओं व दिव्यांगजन को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दी जाती है।सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर के वार्ड नंबर-53 उर्वरक नगर के अंतर्गत जंगल नकहा नंबर-2 में नवनिर्मित कल्याण मंडपम सहित गोरखपुर विकास प्राधिकरण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और नगर निगम की करीब 40 करोड़ रुपये की लागत वाली 119 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)




**77** हजार भर्तियां अकेले पुलिस व होमगार्ड विभाग में की जाएंगी

- गोरखपुर में जंगल नकहा नंबर-2 में कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने
- गोरखपुर नगर निगम और जीडीए की 40 करोड़ रुपये की 119 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास
- यूपी में माफिया या तो जेल में, या दूसरे लोक की यात्रा पर
- विकास व जनोपयोगी सुविधाओं के लिए कानून का राज जरूरी: सीएम
- एक लाख नई नौकरियों की शुरुआत 19 सितंबर से: सीएम योगी
- पेंशन राशि व पेंशनरों की संख्या में जल्द होगी बढ़ोतरी: मुख्यमंत्री

### यूपी अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन

मुख्यमंत्री ने सुदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते हुए विकास और इससे आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं है। बल्कि अब यह देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। 2017 के पहले यहां खराब कानून व्यवस्था, लूट-खसोट, अराजकता के कारण कोई बाहरी व्यक्ति काम नहीं करना चाहता था, जबकि आज यहां आने को हर कोई लालायित है। उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेज अर्थव्यवस्था में एक है। यह मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कल-कारखानों की नई श्रृंखला और सुदृढ़ कनेक्टिविटी के लिए जाना जा रहा है।

### अराजकता फैलाना विभाजक राजनीति करने वालों की फितरत

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और जन कल्याण से सकारात्मक माहौल बना है। ऐसे में समाज को बांटने वालों से सावधान रहना होगा। विकास समाज की एकजुटता का परिणाम है। यदि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बटेंगे तो बांटने वाले फिर कर्फ्यू-दंगे का माहौल बनाएंगे। असुरक्षा का अंधकार मचाएंगे। अराजकता फैलाना समाज को बांटने वालों की फितरत है। शानदार वर्तमान और बेहतरीन भविष्य के लिए डबल इंजन सरकार जरूरी है।

**सीएम ने गोरखपुर में बंद पड़े खाद कारखाने के दोबारा चलने, चहुंओर फोरलेन कनेक्टिविटी, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज के निर्माण, रामगढ़ताल के पर्यटन स्थल बनने, बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्थिति शानदार बनाने के साथ एम्स की सौगात मिलने का जिक्र कर कहा कि आज गोरखपुर की चमचमाती पहचान से हर व्यक्ति गौरव की अनुभूति करता है।**



### योगी ने कल्याण मंडपम का उद्घाटन किया

योगी ने शाम 4 बजे गोरखपुर विकास प्राधिकरण (GDA) की ओर से नकहा नंबर 2 में बनाए गए कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। इसे बनाने में 3 करोड़ 9 लाख रुपए खर्च हुए हैं। ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर बने हॉल में 300 लोगों के बैठने की क्षमता है। शादी और अन्य आयोजनों के लिए सस्ते दामों में इसकी बुकिंग करा सकेंगे।



### महुआ मोइत्रा का आरोप- मुझ पर अंडे फेंके गए

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के तेहट्टा में बुधवार को TMC सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। महुआ ने कहा कि इस दौरान उनके ऊपर अंडे फेंके गए। घटना के बाद महुआ ने वीडियो जारी किया। उन्होंने, "मैं पश्चिम बंगाल पुलिस को सूचना देकर अपने क्षेत्र में एक मीटिंग के लिए आई थी। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पुलिस की ही मदद से मुझ पर अंडे फेंके।" उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझसे कहा था, ₹कृपया जाइए और अंडों का सामना कीजिए। इसलिए, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में आई। लेकिन करीब सात से दस लोग आए और मुझ पर हमला किया।" महुआ इससे पहले भी दो बार, 13 जून को कृष्णनगर कोर्ट के बाहर पेशी के दौरान और 1 जुलाई को कालीगंज में विधायक आवास के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अंडे फेंकने का दावा कर चुकी हैं।

## सत्य निकेतन बिल्डिंग हादसा लापरवाही का नतीजा : हाईकोर्ट

### 10 दिन पहले गिरा था 5 मंजिला हॉस्टल

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी



- याचिका में स्वतंत्र जांच और मुआवजे की मांग
- 7 सितंबर को कहा था- सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि सत्य निकेतन में हॉस्टल की बिल्डिंग गिरना सामान्य हादसा नहीं था। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि 4 छात्र छोटे शहरों से करियर बनाने की उम्मीद लेकर दिल्ली आए थे। कुछ लोगों के लापरवाह और आपराधिक रवैए ने उनके सपने तोड़ दिए। सत्य निकेतन में दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास लड़कों के लिए 5 मंजिला पेइंग-गेस्ट हॉस्टल था। 6 सितंबर को मरम्मत के दौरान यह इमारत गिर गई थी। मलबे में दबने से 7 लोगों की मौत हुई थी। कई घायल भी हुए थे। एडीशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने बताया कि घटना के बाद अधिकारियों ने कई कदम उठाए हैं। इनमें छात्रों के लिए हॉस्टल बनाना भी शामिल है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# नकारात्मक अभियान नफरत की राजनीति को भाजपा दे रही बढ़ावा

### कानून-व्यवस्था महंगाई को लेकर सरकार पर अखिलेश ने साधा निशाना

**आरोप**

- सपा कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 की तैयारी में जुटने का आह्वान

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी सपा नेताओं के खिलाफ डिजिटल अभियान चला रही है और उसकी भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज को बांटकर सत्ता में बने रहना चाहती है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सकारात्मक विचारों और उत्तर प्रदेश के विकास के एजेंडे के साथ आगे बढ़ रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### 2027 के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का संदेश

अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जिस प्रत्याशी को घोषित किया जाए, कार्यकर्ता उसके साथ पूरी ताकत से खड़े हों और उसे विधायक बनाने के लिए काम करें।

**फास्ट न्यूज**

### तुकाराम मुंढे बोले- अस्पताल में 11 के प्रोडक्ट की कीमत 325

मुंबई। महाराष्ट्र के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) कमिश्नर तुकाराम मुंढे ने अस्पतालों में मेडिकल सामान की कीमतों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने खरीद कीमत और MRP में बड़े अंतर की बात कही।

राहत | विवाद

### पीएम के साथ पढ़े असगर अली को जमीन वापस मिली

भायंदर । महाराष्ट्र में ठाणे के मीरा रोड में रहने वाले 81 साल के असगर अली वोहरा को जमीन विवाद में राहत मिली है। पीएम मोदी से मुलाकात के 8 दिन बाद भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने उनसे जुड़ी विवादित जमीन का कब्जा छोड़ने और कंस्ट्रक्शन परमिट सरेंडर करने की बात कही है। वोहरा ने 8 सितंबर को पीएम मोदी से मुलाकात कर जमीन विवाद में दखल देने और CBI जांच की मांग की थी। दोनों की मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई थीं। वोहरा का दावा है कि उन्होंने गुजरात के वडनगर स्थित बीएन स्कूल में पीएम मोदी के साथ एक ही क्लास में पढ़ाई की थी।

### गुजरात कांग्रेस नेता का बेटा फर्जी पासपोर्ट केस में गिरफ्तार

गुजरात । ATS ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीताबेन पटेल के बेटे हरिकेश पटेल को फर्जी पासपोर्ट केस में गिरफ्तार किया है।

अहमदाबाद में रहने वाले हरिकेश को 12 सितंबर को गिरफ्तार किया गया है, 13 सितंबर को अदालत से उसे 6 दिन की रिमांड पर भेज दिया है।

## बिहार में 50 लाख लोग बाढ़ में घिरे, पिथौरागढ़ में लैंडस्लाइड

### यूपी के लखीमपुर में 7 मकान नदी में बहे

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । बिहार के 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। कटिहार में सरकारी स्कूल और कोचिंग सेंटर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। बच्चे नाव में बैठकर पढ़ रहे हैं। प्रदेश के 26 जिलों बारिश का यलो अलर्ट है। आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।

यूपी में बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। वहीं, लखीमपुर में शारदा नदी का कटान तेज होने से 24 घंटे में 7 मकान नदी में समा गए हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के आदि कैलाश मार्ग पर दोबाट में लैंडस्लाइड से सड़क फिर बंद हो गई।

>> (शेष पेज 06 पर)




- गुजरात के ऊना जिले में चार घंटे में 8 इंच से अधिक बारिश हुई, जिससे 200 से अधिक घरों में पानी भर गया।

# 25,000 हुई ईपीएफओ लिमिट

## पीएफ पेंशन पर सरकार का बड़ा ऐलान

**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने नौकरीपेशा कर्मचारियों को एक बड़ा तोहफा दे दिया है. केंद्रीय कैबिनेट की आज अहम बैठक में EPF और एम्प्लाई पेंशन स्कीम के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए सैलरी लिमिट को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 प्रति माह कर दिया गया है, जो 17 सितंबर से लागू हो जाएगा। इसका मतलब है कि अब Basic + DA मिलाकर जिन प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों को 25 हजार रुपये की सैलरी मिलती है, उन्हें अब अनिवार्य तौर पर PF के साथ ही EPS यानी पीएफ पेंशन में भी योगदान देना होगा. पहले यह लिमिट 15000 रुपये थी। >> (शेष पेज 06 पर)

**मौजूदा सालाना बजट सहायता लगभग 10,250 करोड़ रुपये है, जबकि सरकार का सालाना खर्च लगभग 11,339 करोड़ रुपये होने का अनुमान है. पांच सालों में अनुमानित खर्च लगभग 56,696 करोड़ रुपये है**

### 51 लाख कर्मचारियों को लाभ

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे 51 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलेगा और सरकार को इसपर 11,339 करोड़ रुपये का खर्च आएगा. मंत्री ने कहा कि यह काफी लंबे समय से डिमांड चल रही थी, जिसे आज पूरा कर दिया गया है।







### नहीं कम होगी इन-हैंड सैलरी

15,000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये सैलरी लिमिट करने के बावजूद भी कर्मचारियों की इन-हैंड सैलरी पर कोई असर नहीं होगा. क्योंकि यह हिस्सा आपके एम्प्लॉयर कंट्रीब्यूशन 12 फीसदी में से जाएगा, ना कि कर्मचारी की सैलरी से अतिरिक्त कटौती होगी. कंपनी के योगदान में से 8.33 फीसदी का योगदान पेंशन के तौर पर जमा किया जाएगा, बाकी पीएफ खाते में जमा किया जाएगा. इस फैसले से रिटायर्ड कर्मचारियों को एक रेगुलर इनकम की गारंटी होगी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और EPFO इस निर्णय को लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। इसके बाद इसे अधिसूचित कर लागू कर दिया जाएगा।

**पलटवार : राहुल ने कहा था- इससे अमेरिका को फायदा होगा**


# यूपीआई पर चार्ज विदेशी दबाव में नहीं लगाया : सरकार

### फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि UPI नियमों में बदलाव किसी विदेशी दबाव में नहीं लाया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि UPI से जुड़े फैसले भारत की घरेलू जरूरतों के आधार पर स्वतंत्र रूप से लिए गए हैं। एक अफसर ने बताया कि इस फैसले को पलटने का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले राहुल गांधी ने UPI पर टैक्स लगाने के फैसले की आलोचना की थी। उन्होंने X पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि इस फैसले से अमेरिका को फायदा होगा और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। >> (शेष पेज 06 पर)






### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) भी दायर की गई है। इस याचिका में अदालत से सरकार के इस नए नियम को तुरंत रद्द करने की मांग की गई है। दरअसल, सरकार ने मंगलवार को आदेश दिया था कि 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 से ज्यादा के चुनिंदा UPI मर्चेंट पेमेंट पर 0.4% MDR लगेगा। इसकी अधिकतम सीमा 300 प्रति ट्रांजैक्शन होगी। यह शुल्क मर्चेंट से लिया जाएगा, ग्राहक से नहीं। 2,000 तक के UPI पेमेंट और व्यक्ति से व्यक्ति (P2P) ट्रांजैक्शन पर कोई शुल्क नहीं होगा। सरकार के अनुसार करीब 96% मर्चेंट UPI ट्रांजैक्शन भी इस शुल्क से प्रभावित नहीं होंगे। सरकार ने जुड़े सूत्रों ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि UPI पर फैसला लिया जा चुका है और इसे पलटने का कोई सवाल ही नहीं है।

### टीएमसी सिंबल पर जल्द फैसला ले सकता है चुनाव आयोग

कोलकाता। चुनाव आयोग गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर अंतरिम आदेश दे सकता है। दोनों गुटों ने एक ही चिह्न पर उम्मीदवार उतारे हैं। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं। आयोग ने दोनों गुटों को गुरुवार की बैठक में मौजूद रहने को कहा है। चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, दोनों गुटों ने नंदीग्राम और रेजीनगर सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दोनों ने तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक चुनाव चिह्न 'घास पर दो फूल' का इस्तेमाल किया है। रीताब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी TMC धड़े से मोहम्मद एतेशामुल हक नंदीग्राम और सफीउद्दीन शेख रेजीनगर से चुनाव लड़ेंगे।

# मैं दिशा सालियान को नहीं जानता : आदित्य ठाकरे

### 6 साल पहले 12 वीं मंजिल से गिरने से मौत हुई थी

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को दावा किया कि वह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिवंगत दिशा सालियन को कभी नहीं जानते थे और न ही उनसे कभी मिले थे। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक फायदे के लिए उन्हें बदनाम करने के लिए जानबूझकर उनका नाम इस मामले से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। आदित्य का यह बयान CBI की तरफ से 2020 के दिशा मौत मामले में FIR दर्ज करने के 2 दिन बाद आया है। FIR में किसी को आरोपी नहीं बनाया गया है। 28 साल की सालियन की मौत 8 जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक रिहायशी इमारत की 12वीं मंजिल से गिरने के बाद हुई थी। पुलिस ने एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (ADR) दर्ज की थी और बाद में जांच के बाद दावा किया कि यह आत्महत्या का मामला था।



- दिशा के पिता का आरोप- केस को दबाने की कोशिश की गई

>> (शेष पेज 06 पर)

# सांसद बोले मौत तो एक दिन आनी है, डर के नहीं जी सकते सरकार जांच कराए

# फार्म हाउस में मेरे मर्डर का प्लान बना : चंद्रशेखर

**दावा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। भीम आर्मी चीफ और नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा- एक फार्म हाउस में मेरी हत्या का षड्यंत्र रचा गया। मेरे पास जो सूचनाएं हैं, वे गलत नहीं हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि पूरे मामले की जांच कराए। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। हालांकि, यह साजिश कौन रच रहा है, इसके नाम का उन्होंने खुलासा नहीं किया।

मंगलवार देर रात चंद्रशेखर ने X पर वीडियो करके कहा-मौत तो एक



नगीना से सांसद चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर मंगलवार रात वीडियो पोस्ट करके खुद की हत्या की साजिश की आशंका जताई है।

दिन आनी है, मौत से डरकर जिया नहीं जा सकता। अगर मेरी मौत आपके हाथों लिखी होगी तो वह भी हो जाएगी, लेकिन अगर आप अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हुए और मेरे लोगों ने मुझे ताकत, हिम्मत और अपना साथ दे दिया, तो याद रखिए, आप जैसे गुंडों को उत्तर प्रदेश से पलायन करना पड़ेगा। चंद्रशेखर ने कहा- जिस तरह की पुलिस कार्रवाई हो रही है और पुलिस का जो रोल है, उससे मैं किसी भी कीमत पर यह स्वीकार नहीं कर सकता कि हमारे लोगों के साथ दुर्घटना होने पर, हत्या या बलात्कार होने पर भी न्याय जैसी स्थिति बन रही हो। इस बात के गवाह वे लोग हैं, जिन्होंने यह बात स्वीकार की है कि वे मुझे ढूंढ रहे थे। वे हाथ में ज्वलनशील पदार्थ लेकर आए थे। गाड़ी में आग लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसका मतलब है कि मेरे पास फार्म हाउस में बैठकर मेरी हत्या की साजिश रचे जाने की जो जानकारी है, वह गलत नहीं है।

### 'अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पत्थर चला रहे'

उन्होंने कहा- जब मैं सुरक्षा में हूं, तब भी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे इस तरह की हिंसा कर रहे हैं। आमना-सामना कर रहे हैं, पत्थर चला रहे हैं, पेट्रोल या डीजल जैसा कुछ बोतलों में भरकर गाड़ियों में आग लगाने का प्रयास कर रहे हैं। जब दिन के उजाले में एक चुने हुए जनप्रतिनिधि और सांसद के साथ, जिसे सवा पांच लाख से ज्यादा वोट मिले हैं, इस तरह का व्यवहार हो रहा है, तो इस प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों की हालत कैसी होगी? उनके साथ किस तरह का अन्याय हो रहा होगा?



तस्वीर बाराबंकी की है। 3 दिन पहले चंद्रशेखर और उनकी पूर्व गर्लफ्रेंड रोहिणी के समर्थक भिड़ गए थे।

### 'जहां-जहां अन्याय और अत्याचार, हमने आवाज उठाई'

चंद्रशेखर ने कहा- जब तक जीवन है, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। चाहे UGC का मामला हो या आरक्षण के विरोध में चल रहे आंदोलन। मैं आजाद समाज पार्टी की ओर से प्रदेश में कमजोरों की आवाज उठाता रहा हूं। राम लखन मौर्य का मामला हो, विनोद साहनी का, ललिता हत्याकांड का या सहारनपुर की मस्जिद का मामला हो। जहां-जहां अन्याय और अत्याचार हुए हैं, हर जगह जाकर हमने कमजोरों की आवाज उठाने का काम किया है। जब वे राजनीतिक रूप से हमें नहीं रोक पा रहे हैं, तो दो दिन पहले एक फार्म हाउस में मेरी हत्या की साजिश रचने का प्लान बनाया गया। ऐसा नहीं है कि मैं कोई झूठी बात कह रहा हूं। मैं यह बात बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं।

# सपा नेता का शव रखकर हाईवे जाम किया, बैरिकेडिंग तोड़ी

## प्रयागराज में 'हत्यारों को फांसी दो' के नारे लगे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज । प्रयागराज में मंगलवार को सपा नेता पवन यादव की हत्या हो गई थी। बुधवार शाम 4 बजे पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचा, तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में जुटे लोगों ने शव रखकर वाराणसी-प्रयागराज नेशनल हाईवे जाम कर दिया।

इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह से ठहर गया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने ₹पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद₹ और ₹हत्यारों को फांसी दो₹ के नारे लगाए। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई, जब प्रदर्शनकारियों ने हाईवे पर लगी पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ दी। कुछ लोगों ने मौके पर लगे बोर्ड भी उखाड़कर फेंक दिए।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास शुरू किया। देर तक चले हंगामे के बीच अधिकारियों




ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल मौके पर करीब 200 पुलिसकर्मी, 10 एसीपी, 9 थानों की फोर्स, पांच गाड़ी पीएसी मौजूद है। शव जमीन पर रखकर बातचीत चल रही है। परिजन और ग्रामीण डीएम को बुलाने की मांग पर अड़े हैं। लिखित रूप से आश्वासन मांग रहे हैं। वो लोग घर के एक सदस्य को नौकरी और 2 करोड़ मुआवजा देने की मांग पर अड़े हैं।

इससे पहले बुधवार दोपहर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस की हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत इलाके में हिस्ट्रीशीटर लल्ला यादव और निहाल से मुठभेड़ हो गई।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर में ट्रांसफार्मर गायब मामले में जेई सस्पेंड

गोरखपुर । गोरखपुर के राप्तीनगर न्यू सब-स्टेशन के प्लिंथ से 400-400 केवीए के दो ट्रांसफॉर्मर गायब मिलने पर तत्कालीन जेई मोहनलाल को सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंशन के दौरान उन्हें टेस्टिंग डिवीजन से अटैच किया गया है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई की भनक लगते ही जेई ने सोमवार को तुरंत दो ट्रांसफॉर्मरों का बंदोबस्त किया।

### लोलार्क कुंड में स्नान करने से गूंजती है किलकारी

वाराणसी। वाराणसी के प्राचीन लोलार्क कुंड में 17 सितंबर को लोलार्क षष्ठी का स्नान होगा। संतान प्राप्ति और विशेष रूप से पुत्र रत्न की कामना लेकर देशभर से करीब एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

धार्मिक मान्यता है कि लोलार्क षष्ठी के दिन कुंड में स्नान कर लोलार्केश्वर महादेव के दर्शन-पूजन करने से संतान संबंधी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। काशी के इस प्रसिद्ध कुंड से जुड़ी मान्यताओं के साथ इसका इतिहास और खगोलीय संरचना भी खास है।

### बाराबंकी में दो भाइयों के विवाद में मां की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी में बड्डूपुर थाना क्षेत्र के हक्काबाद गांव में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची उनकी मां को लाठी लग गई। गंभीर हालत में परिजन उन्हें सीएचसी फतेहपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# मेरठ में सीवेज प्लांट में गैस रिसाव 8-10 लोगों की तबीयत बिगड़ी

## एडीएम-नगर आयुक्त ने आसपास के घर खाली कराए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मेरठ। मेरठ में मंगलवार शाम करीब 8:30 बजे एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) में गैस रिसाव हो गया। आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। 8-10 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यह सीवेज प्लांट मोदीपुरम के पल्लवपुरम फेस-2 में है। घटना की सूचना मिलते ही एडीएम-नगर आयुक्त मौके पर पहुंचे। आसपास के घरों को खाली कराया। फायर ब्रिगेड कर्मी मास्क पहनकर गैस रिसाव को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। जलकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

दौराला ऑर्गेनिक के सेफ्टी ऑफिसर विशाल गुप्ता ने बताया- STP प्लांट में क्लोरीन गैस का इस्तेमाल होता है। यह गैस भारी होती है। यहां जिन कर्मचारियों ने



क्लोरीन डाली थी, उन्होंने टनल वाले पाइप में वॉशर नहीं लगाया था। चेकिंग के दौरान वॉशर गायब मिला। इसी वजह से गैस लीक हुई। गैस भारी होने के कारण यह हवा में नहीं मिल पाई। अभी पानी के जरिए गैस को घोला जा रहा है। इसका असर करीब एक से डेढ़ घंटे में कम होगा। नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने बताया-प्लांट में लगे सिलेंडर की वॉल लीक होने से क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ था। जलकल विभाग और दौराला ऑर्गेनिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्लांट का निरीक्षण किया और लीकेज रोक दी। फिलहाल हालात कंट्रोल में हैं।


# गर्लफ्रेंड को युवक ने कार से कुचला

## दूसरी लड़की के साथ पकड़ा गया तो रौंदते हुए भागा, दावा- मुस्लिम, खुद को हिंदू बताया था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। कार सवार ने लड़की को टक्कर मार दी, जिससे वह बोनट पर लटक गई। लड़की चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी ने कार नहीं रोकी। 20-25 मीटर आगे जाकर उसने स्पीड बढ़ा दी। इससे लड़की सड़क पर गिर गई और आरोपी उसे कुचलते हुए भाग गया। घटना बुधवार सुबह 6 बजे गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 4 के पास हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, लड़की बाल-बाल बच गई। उसे चोटें आई हैं और अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल लड़की की पहचान अनामिका और आरोपी की शाहनवाज के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ के ही रहने वाले हैं। अनामिका को शाहनवाज की गर्लफ्रेंड बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, अनामिका ने



बोनट पर लटकी लड़की चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी ने कार नहीं रोकी।

शाहनवाज को नई गर्लफ्रेंड के साथ पकड़ लिया था। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। शाहनवाज कार लेकर भागने लगा, तो अनामिका उसे रोकने के लिए कार के सामने खड़ी हो गई। इसके बाद शाहनवाज ने उसे मारने की कोशिश की।

अनामिका का आरोप है कि शाहनवाज ने अपना नाम यश ठाकुर बताकर उसे अपने जाल में फंसाया था। घटना के 8 घंटे बाद पुलिस ने आरोपी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दुबग्गा इलाके का रहने वाला है और बाराबंकी में ठेकेदारी करता है।

आरोपी ने थान में कहा- मुझे फंसाया जा रहा है। लड़की 6-7 महीने से परेशान कर रही थी। मेरा पीछा कर रही थी। मुझसे पैसे भी लिए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। उसकी कार भी बरामद कर ली है। उसके नंबर प्लेट पर अधिवक्ता लिखा हुआ है। इसी दौरान अनामिका को पता चला कि आरोपी का नाम यश नहीं, शाहनवाज है। इस पर अनामिका नाराज हो गई और चिल्लाने लगी। मामला बढ़ता देख शाहनवाज के साथ आई लड़की वहां से चली गई। शाहनवाज भी कार में बैठकर भागने लगा।

### एक साल से था अफेयर, दूसरी लड़की के साथ देखकर भड़की

बताया जा रहा है कि शाहनवाज का अनामिका से एक साल से अफेयर था। बुधवार को वह VERNA कार से एक लड़की के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क के पास चाय पीने आया था। यह बात अनामिका को पता चली तो वह स्कूटी से पहुंच गई। दूसरी लड़की के साथ शाहनवाज को देखकर दोनों में कहासुनी होने लगी।



घटना के करीब 8 घंटे बाद पुलिस ने आरोपी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया।

> प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- लड़की ने कार रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे टक्कर मार दी और भाग गया। लड़की को गंभीर चोटें आईं। वह दर्द से चिल्ला रही थी। कह रह थी- भगवान, बचा लो मर जाऊंगी।

## पतंजलि घी को नकली कहा था, कंपनी का दावा- ब्रांड वैल्यू को नुकसान पहुंचा

# रामदेव की कंपनी ने बृजभूषण पर किया 50-करोड़ का दावा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोंडा । गोंडा के कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर बाबा रामदेव की कंपनी ने 50 करोड़ रुपए का मानहानि का केस दायर किया है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मंगलवार (15 सितंबर) को इस मामले की सुनवाई हुई। बृजभूषण के वकील ने जवाब देने के लिए कोर्ट से और वक्त मांगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर तय की है। मामला बृजभूषण शरण सिंह के पतंजलि के उत्पादों, खासकर देसी घी को नकली कहे जाने से जुड़ा है। साल- 2022 में भी बृजभूषण ने सार्वजनिक मंच से पतंजलि के घी को 'नकली' बताते हुए लोगों से घर में गाय या भैंस पालने की अपील की




थी। उस समय भी उनके बयान को लेकर बाबा रामदेव और बृजभूषण के बीच विवाद सामने आया था।

बाबा रामदेव से बृजभूषण की अदावत काफी पुरानी है। पिछले साल 17 अगस्त को बृजभूषण ने बलरामपुर में कहा था- रामदेव काना, जिसके नाम पर कमा खा रहा, महर्षि पतंजलि का इतिहास भी यहीं गोंडा से है। हालांकि, बाद में इस बयान पर माफी भी मांग ली थी।

### पतंजलि घी पर लग चुका है जुर्माना

बता दें, साल- 2025 में पिथौरागढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मानकों के अनुसार घी नहीं मिलने पर पतंजलि पर जुर्माना लगाया गया था। पिथौरागढ़ में 2020 में खाद्य सुरक्षा विभाग ने पतंजलि के घी का नमूना जांच के लिए लिया था। पहली जांच में नमूना पास नहीं हुआ था। इसके बाद कंपनी ने नमूना दोबारा जांच के लिए भेजा था। लेकिन, दूसरी जांच में भी घी मानकों के अनुसार नहीं पाया गया। इसके बाद कोर्ट में केस दर्ज किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने पतंजलि पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था।



पूर्व सांसद बृजभूषण और योग गुरु बाबा रामदेव के बीच पहले भी विवाद सामने आ चुके हैं।

### जिला कोर्ट से हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला

पतंजलि फूड्स का रजिस्टर्ड ऑफिस इंदौर के विजय नगर में है। इसलिए यह दावा सबसे पहले इंदौर जिला कोर्ट में पेश किया गया था। मामले की शुरुआती सुनवाई जिला कोर्ट में हुई। कोर्ट की तरफ से बृजभूषण को नोटिस जारी किए गए थे। बाद में मामला ट्रायल के चरण में पहुंचा। सुनवाई के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को लेकर विवाद सामने आया। इन्हीं साक्ष्यों को लेकर मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। हाईकोर्ट में कंपनी की ओर से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से संबंधित डॉक्यूमेंट्स और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का हवाला भी पेश किया गया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने बृजभूषण से इस मामले में जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान पूर्व सांसद की तरफ से वकील कोर्ट में उपस्थित हुए और जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

# गोरखपुर की महिला ठग गरिमा पर 10वीं एफआईआर

## शिक्षक से बैंककर्मी बनकर 72.80 लाख की ठगी की

**तमसा संकेत, संवाददाता**

गोरखपुर। गोरखपुर की महिला ठग पर 10वीं एफआईआर एम्स थाने में एक शिक्षक की तहरीर पर दर्ज की गई। शिक्षक का आरोप है कि बैंककर्मी बनकर गरिमा सिंह ने उनके नाम पर चार बैंकों से 72.80 लाख रुपये लोन कराया है। लोन के बदले लाभ का लालच दिया था। जिससे गरिमा की बातों में शिक्षक फंस गए। गरिमा अपने पिता के साथ मिलकर अब तक 12 करोड़ रुपये ठगी कर हड़प चुकी है।

कुशीनगर के अहिरौली बाजार विशुनपुरा गांव निवासी प्रवीण कुमार सिंह गोंडा के सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। प्रवीण की तहरीर पर मंगलवार को एम्स थाने में झारखंडी कालोनी की गरिमा सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, विशाल यादव,संदीप, जितेंद्र निषाद, अरशद अली, रवि कुमार और रीना साहनी के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र



समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रवीण सिंह ने बताया कि ध्रुव नारायण सिंह और उनकी बेटी गरिमा सिंह दूर की रिश्तेदार हैं। गरिमा ने बताया था कि वह बैंक में काम करती है। बैंक से जुड़ा कोई काम होगा तो तुरंत करा देगी। गरिमा ने प्रवीण सिंह को गोरखपुर में जमीन दिलाने का लालच दिया। तब प्रवीण सिंह ने आर्थिक परेशान बताकर इन्कार कर दिया था।

तब गरिमा ने बताया कि वह एचडीएफसी बैंक में काम करती है। बैंक का आरबीआई स्कीम से आईअप है। इसके तहत एक लोन कराने की बात कही। उसने कहा कि इसकी ईएमआई मैं भरूंगी।

**घटना : शादी के बाद बात करने से मना किया था, अश्लील फोटो पति को भेजी थी**

# गर्लफ्रेंड ने की खुदखुशी ब्वॉयफ्रेंड ने भी दी जान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में गर्लफ्रेंड की सुसाइड के 1 घंटे बाद बॉयफ्रेंड ने जहर खाकर जान दे दी। गर्लफ्रेंड ने फंदा लगा लिया था। परिजन उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर रानीगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जब इसकी सूचना बॉयफ्रेंड को मिली तो उसने भी जहर खाकर जान दे दी। गर्लफ्रेंड की शादी हो चुकी थी। इसके बाद भी बॉयफ्रेंड उस पर बात करने का दबाव बनाता था। गर्लफ्रेंड की अश्लील फोटो उसके पति को भेज दी थी। घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे रानीगंज थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को



पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कुंभापुर गांव में रामदेव अपने परिवार के साथ रहते हैं। घर में पत्नी सरोज और तीन बेटे विजय,अजय और विनय हैं। तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। भाई-बहनों में विनय सबसे छोटा था। दोनों भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। विनय पिता के साथ मजदूरी करता है। 15 सितंबर की रात करीब 10 बजे आंचल ने फंदा लगाकर जान दे दी। घरवाले उसे ट्रॉमा सेंटर रानीगंज ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया

> विनय के घर से 30 मीटर की दूरी पर आंचल गौतम (25) का घर है। उसके पिता राम आश्रय गौतम और मां की मौत हो चुकी है। घर में दो बहनें और एक भाई है। भाई बाहर प्राइवेट जॉब करता है।




### 3 साल से चल रहा था अफेयर

3 साल से विनय और आंचल का अफेयर चल रहा था। दोनों पड़ोसी थे इसलिए उनकी शादी नहीं हो सकी। मई 2026 में रानीगंज के जाजापुर गांव के जीतू उर्फ जितेंद्र गौतम से आंचल की शादी हो गई। शादी के बाद भी विनय आंचल को फोन करता था।

पुलिस के अनुसार विनय आंचल की कुछ पुरानी तस्वीरें उसकी बहन को भेजकर वायरल करने की धमकी देता था और कहता था कि आंचल से कहो कि मुझसे बात करे। आंचल उससे बात करने के लिए मना करती थी। कुछ दिन पहले विनय ने आंचल की आपत्तिजनक तस्वीरें उसके पति को भी भेज दी थी। 15 दिन पहले ही आंचल ससुराल से घर आई थी।

गया। इस बीच जब विनय को आंचल की मौत की खबर मिली तो उसने भी करीब 11 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे रानीगंज ट्रामा सेंटर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्रयागराज भेज दिया था।

# विश्व ओजोन दिवस पर बरेली कॉलेज में कवि सम्मेलन

## स्किट एवं नृत्य प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बरेली। पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा Environment, Agriculture & Education Society (EAES), Bareilly के सहयोग से विश्व ओजोन दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सचिव, प्रबंध समिति श्री देव मूर्ति जी के संरक्षण तथा प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय एवं उपप्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस की थीम "Global Action for a Cooler Planet" रही।

समापन समारोह का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय, उपप्राचार्य




प्रो. वंदना शर्मा एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विश्व ओजोन दिवस की थीम का परिचय कराया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह ने स्वागत उद्बोधन देते हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक जागरूकता एवं प्रयास आवश्यक हैं। इसके बाद ओजोन संरक्षण




एवं सतत शीतलन विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा पृथ्वी को सुरक्षित एवं ठंडा रखने के लिए सतत प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## दिशा समिति की बैठक में सांसद लालजी वर्मा ने बिजली-स्वास्थ्य सेवाओं पर मांगी तेजी

# सिल्ट से पटे रास्ते साफ होंगे

**समीक्षा**

बृजेंद्र वीर सिंह




तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। नहरों और माइनरों की सफाई के बाद सड़कों पर पड़ी सिल्ट अब हटाई जाएगी। इससे प्रभावित रास्तों को साफ कराने के निर्देश दिशा समिति की बैठक में दिए गए। वहीं कांशीराम कॉलोनी में हुए आवंटन का सत्यापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अकबरपुर की अध्यक्षता में गठित टीम करेगी। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद लालजी वर्मा ने की। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। बिजली से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कराने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने पर भी जोर दिया। सांसद ने क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की गति बढ़ाने को कहा। जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों की ओर से उठाई गई समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक की शुरुआत में परियोजना अधिकारी डीआरडीए ने पिछली दिशा बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की। इसके बाद ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, कृषि, राजस्व, पंचायती राज, नगर विकास, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा समेत अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद संतकबीरनगर लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, विधायक अकबरपुर राम अचल राजभर, विधायक आलापुर त्रिभुवन दत्त, जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा समेत समिति के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**कांशीराम कॉलोनी के आवंटन की होगी जांच योजनाओं की विभागवार समीक्षा**

### अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा

बैठक में अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण का मुद्दा भी उठा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। अधिकारियों को प्रस्ताव से जुड़ी प्रक्रिया में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कmake better than this and make exclusive news story with creative & attractive headingsहा गया।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और मध्याह्न भोजन योजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।**

# 700 मीटर सड़क पर नहर की मिट्टी का पहाड़, 50 गांवों का रास्ता बंद

## दो माह से आवागमन ठप, 15-20 किलोमीटर घूमकर पहुंच रहे लोग

तमसा संकेत, संवाददाता



हजपुरा (अंबेडकरनगर)। अकबरपुर विकासखंड के तुलसीपुर बरियावन के पास शारदा सहायक नहर की सफाई ग्रामीणों के लिए परेशानी बन गई है। सफाई के दौरान निकाली गई मिट्टी पिच मार्ग पर डाल दिए जाने से करीब 700 मीटर सड़क दो माह से बंद है। इससे आसपास के करीब 50 गांवों का आवागमन प्रभावित है। ग्रामीणों को दूसरे रास्तों से 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक नहर की सफाई के दौरान जेसीबी से निकाली गई मिट्टी नहर किनारे के पिच मार्ग पर रखवा दी गई थी। बाद में मिट्टी हटाने के लिए शुल्क तय कर ठेका देने की प्रक्रिया शुरू हुई। ठेकेदारों ने मिट्टी हटाने का काम शुरू किया, लेकिन खनन विभाग के अधिकारियों ने कथित तौर पर काम रुकवा दिया। इसके बाद सड़क पर पड़ी मिट्टी जस की तस रह गई। सड़क बंद होने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बाधित है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूली वाहनों को भी वैकल्पिक मार्ग से जाना पड़ रहा है। किसानों को खेतों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। रोजमर्रा के कामों के लिए भी ग्रामीणों को दूसरे रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग बंद होने की जानकारी कई बार जिला प्रशासन को दी गई, लेकिन अभी तक सड़क से मिट्टी हटाने की कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के लिए यह मार्ग दैनिक आवागमन के साथ खेतों तक पहुंचने का भी प्रमुख रास्ता है।

संजय यादव, रामतीर्थ, सीताराम, कौशलेंद्र, हेमंत, संग्राम और विपिन समेत अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मार्ग से मिट्टी हटवाने और आवागमन बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द रास्ता नहीं खुला तो जिला प्रशासन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की कमान कृष्ण कुमार पांडेय को

अंबेडकरनगर। आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को श्रीराम जानकी मंदिर में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इसमें जिले की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी और संरक्षक मंडल के सदस्य शामिल हुए। अध्यक्ष चुने जाने के बाद कृष्ण कुमार पांडेय ने कहा कि सभी दुर्गा पूजा समितियों के साथ समन्वय बनाकर तैयारियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### मुख्य डाकघर के बाहर से बाइक चोरी, पुलिस को दी तहरीर

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी मूलचंद्र गौड़ की बाइक बुधवार को मुख्य डाकघर के बाहर से चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मूलचंद्र के अनुसार, उन्होंने अपनी बाइक मुख्य डाकघर के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद किसी काम से अंदर चले गए। कुछ समय बाद वापस लौटे तो बाइक मौके से गायब थी। आसपास काफी खोजबीन की गई, लेकिन बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुई मोटरसाइकिल का नंबर UP45 M 4442 है।

### छाछ पीते ही उल्टी-चक्कर की शिकायत

अंबेडकरनगर। अकबरपुर के अफजलपुर स्थित पराग दुग्ध अवशीतन केंद्र से खरीदी गई छाछ को लेकर मिलावट का आरोप लगाया गया है। बीएमपी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एके सिंह राज ने जिला प्रशासन को शिकायत देकर छाछ के नमूने की जांच कराने और मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। एके सिंह राज के अनुसार, उन्होंने 16 सितंबर को बसखारी मार्ग स्थित अफजलपुर केंद्र से छाछ का एक पैकेट खरीदा था।

# देवस्थान और खेल मैदान की जमीन पर कब्जे का आरोप

## चांडीपुर कला में ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। आलापुर तहसील क्षेत्र के चांडीपुर कला गांव में देवस्थान और खेल मैदान के लिए दर्ज भूमि पर कथित कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि पर लंबे समय से ईंट-भट्ठे से जुड़े कार्यालय और अन्य निर्माण मौजूद हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद मामला प्रभावी कार्रवाई तक नहीं पहुंच सका। ग्रामीणों के मुताबिक संबंधित भूमि धार्मिक और सार्वजनिक उपयोग के लिए दर्ज है। यहां मंदिर भी स्थित है। ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति का सत्यापन कराया जाए। जांच में कब्जा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

मंदिर परिसर के आसपास अव्यवस्था की शिकायत ग्रामीणों ने मंदिर के आसपास गंदगी रहने की शिकायत भी की है। उनका आरोप है कि ईंट-भट्ठे से जुड़े कुछ श्रमिक आसपास रहते हैं। ग्रामीणों ने मंदिर के समीप मांस, मछली और शराब के सेवन जैसी गतिविधियों की शिकायत भी की है। इन आरोपों की भी जांच कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक स्थल और खेल मैदान से जुड़ी भूमि का निर्धारित उपयोग बना रहना चाहिए। इसके लिए प्रशासन मौके का निरीक्षण कर स्थिति स्पष्ट करे और आवश्यक कार्रवाई करे। दो दिन का अल्टीमेटम, फिर डीएम के पास जाएंगे

## एक माह बाद भी उलझी आईपीएस की मां की मौत की गुत्थी

# मुंह में कपड़ा, गायब जेवर और मौत का राज

**पांच टीमें खंगाल रहीं हर कड़ी, करीबियों से बार-बार पूछताछ पोस्टमार्टम से कारण स्पष्ट नहीं, विसरा रिपोर्ट पर टिकी निगाहें**



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के रूढ़ा धमरुआ गांव में आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्र की मां इंद्रावती देवी की मौत का रहस्य एक माह बाद भी नहीं सुलझ सका है। 16 अगस्त को घर में उनका शव मिलने के बाद परिस्थितियों ने कई सवाल खड़े किए थे। शरीर से जेवर गायब होने और मुंह में कपड़ा मिलने की बात सामने आई थी। इसके बाद हत्या और लूट की आशंका में पुलिस ने जांच शुरू की। अब तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। घटना के बाद पुलिस ने जांच के लिए एसओजी समेत पांच टीमें लगाईं। टीमों ने गांव के अलावा आसपास के इलाकों में भी पूछताछ की। मृतका के संपर्क में रहे लोगों, रिश्तेदारों और घरेलू काम से जुड़े लोगों के बयान लिए गए। पुलिस अलग-अलग बयानों में सामने आ रही बातों का मिलान कर रही है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि घटना के समय घर तक कौन-कौन पहुंचा और किसकी क्या गतिविधि रही। सबसे अहम पेच पोस्टमार्टम रिपोर्ट से जुड़ा है। रिपोर्ट से मौत का निश्चित कारण स्पष्ट नहीं हो सका। वैज्ञानिक जांच के लिए विसरा और हृदय के नमूने सुरक्षित किए गए हैं। इनकी रिपोर्ट से मौत की परिस्थितियों को समझने में मदद मिलने की उम्मीद है।

पुलिस अब घटना के अंतिम घंटों की कड़ी जोड़ने में जुटी है। किस समय कौन घर पहुंचा, उस दौरान घर की स्थिति क्या थी और बाद में क्या बदलाव हुआ—इन बिंदुओं का मिलान किया जा रहा है। उपलब्ध साक्ष्यों और बयानों को साथ रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। घटना के बाद कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है, लेकिन अभी तक ऐसा ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है जिससे मौत की पूरी तस्वीर साफ हो सके। पुलिस का कहना है कि हर पहलू की जांच की जा रही है और वैज्ञानिक रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई होगी।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण पर डीएम सख्त

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। आईजीआरएस पोर्टल समेत विभिन्न माध्यमों से मिलने वाली जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बुधवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में विभागवार शिकायतों की स्थिति परखी गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न हो, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि को भी प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी प्रकरण की पूरी जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**संतुष्टि को बनाया आधार, विभागवार समीक्षा में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश, लापरवाही पर चेताया**

निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विकास अधिकारी सविता सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए कार्तिकेय मिश्रा, सभी उपजिलाधिकारी और तहसीलदार, डीसी एनआरएलएम, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यालय में गंदगी, अधूरी पंजिकाएं और सदस्यों की अनुपस्थिति पर सचिव ने जताई नाराजगी

# वन स्टॉप सेंटर ठीक मिला तो बाल कल्याण समिति कार्यालय में मिली अव्यवस्था

**तत्काल सफाई और उपस्थिति व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम वर्मा ने बुधवार को वन स्टॉप सेंटर और बाल कल्याण समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वन स्टॉप सेंटर में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, जबकि बाल कल्याण समिति कार्यालय में गंदगी, अधूरी पंजिकाएं और सदस्यों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति सामने आई। इस पर सचिव ने कार्यालय की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

इसके बाद सचिव ने बाल कल्याण समिति कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष राम नायक वर्मा उपस्थित मिले। चार सदस्यों में वीरेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे। अध्यक्ष ने बताया कि उनकी तबीयत अक्सर खराब रहती है और वह कार्यालय में अधिक समय नहीं रह पाते हैं। सदस्य शकुंतला गौतम काफी देर बाद कार्यालय पहुंचीं। उनके देर से आने का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। दो अन्य सदस्य मनोज और वत्सला त्रिपाठी अनुपस्थित मिले। अध्यक्ष ने बताया कि दोनों सदस्य अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। कंप्यूटर सहायक आरती भी अनुपस्थित थीं। उनकी अनुपस्थिति के संबंध में अध्यक्ष कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके।

निरीक्षण के दौरान समिति का कार्यालय और परिसर गंदा मिला। सफाई व्यवस्था लंबे समय से प्रभावित होने की बात सामने आई। अध्यक्ष ने बताया कि सफाई कर्मचारी नहीं आने के कारण नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। सचिव ने कार्यालय की अन्य पंजिकाओं और पत्रावलियों का भी निरीक्षण किया।

### वन स्टॉप सेंटर में सभी कर्मचारी मिले उपस्थित

निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर भवन की साफ-सफाई संतोषजनक मिली। सचिव ने उपस्थिति पंजिका समेत अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। सभी कर्मचारी उपस्थित मिले।

सेंटर में दो बच्चियां भी मिलीं। बच्चियों ने बताया कि उनके अभिभावकों से संपर्क किया गया है। सचिव ने सेंटर की प्रबंधक रेवती राय और अन्य कर्मचारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसी कर्मचारी ने कोई समस्या नहीं बताई।

**उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में जून 2026 तक का ही विवरण दर्ज मिला। अध्यक्ष ने बताया कि उपस्थिति बायोमीट्रिक सिस्टम से दर्ज होती है। इसका रिकॉर्ड कंप्यूटर में रहता है। कार्यालय का कंप्यूटर और प्रिंटर दो माह से अधिक समय से खराब होने के कारण जून के बाद का उपस्थिति विवरण उपलब्ध नहीं हो सका।**

# चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर कथित पथराव से गरमाया मुद्दा

## बाराबंकी घटना की उच्चस्तरीय जांच और सांसद की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। बाराबंकी के बुढ़वल में 13 सितंबर को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले के साथ हुई घटना को लेकर बुधवार को अंबेडकरनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के पास डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा परिसर में धरना देकर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष जय सिंह राणा ने कहा कि ज्ञापन में चार प्रमुख मुद्दे उठाए गए हैं। इनमें गोंडा में विनोद साहनी और रमेश कोरी तथा अयोध्या में राम लगन मौर्य की हत्या के मामलों की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग शामिल है। कार्यकर्ताओं ने बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र के बुढ़वल में चंद्रशेखर आजाद के काफिले के साथ हुई घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। पार्टी की ओर से घटना में पथराव और हमले का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि मौके के सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए, ताकि घटनाक्रम की जांच में इनका उपयोग हो सके।

कार्यकर्ताओं ने घटना के दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा का दोबारा आकलन कर आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा बढ़ाने तथा उनके कार्यक्रमों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।

ज्ञापन में लखनऊ के ईको गार्डन में धरना दे रहे पंचायत सहायकों की मांगों का जल्द समाधान कराने की बात भी कही गई। इसके अलावा 68,500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण से जुड़े मामले में पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का पालन कर प्रभावित अभ्यर्थियों को नियमानुसार न्याय दिलाने की मांग की गई।

## डॉ. तारकेश्वर मिश्र 'जिज्ञासु' लेकर आ रहे हैं 101 प्रेरक मुक्तकों की पुस्तक 'जीत का जुनून'




तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर । कवि , मंच संचालक , योग प्रशिक्षक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. तारकेश्वर मिश्र 'जिज्ञासु' की नई प्रेरक पुस्तक 'जीत का जुनून' शीघ्र ही पाठकों के बीच उपलब्ध होगी । पुस्तक में 101 चुनिंदा प्रेरक मुक्तकों को शामिल किया गया है । सरल एवं सहज भाषा में रची गई यह पुस्तक विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षार्थियों, युवाओं तथा संघर्षशील लोगों को मेहनत, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास के लिए प्रेरित करेगी । छोटी पॉकेट बुक के रूप में तैयार की गई यह पुस्तक आसानी से साथ रखकर पढ़ी जा सकेगी । लेखक के अनुसार, " इस पुस्तक का उद्देश्य निराशा के क्षणों में पाठक के भीतर उम्मीद, ऊर्जा और आगे बढ़ने का जज़्बा जगाना है । " 'जीत का जुनून' — शीघ्र ही पाठकों के हाथों में ।

**घेराबंदी : कई इलाकों के साथ अयोध्या और सुल्तानपुर में चोरी की बात सामने आई**

# बिना नंबर की बाइक पर निकले थे तीन चोर

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार होकर निकले तीन युवकों को अकबरपुर पुलिस ने शिवबाबा धाम के पास दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से अलग-अलग कंपनियों के 12 मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने अंबेडकरनगर के कई इलाकों के अलावा अयोध्या और सुल्तानपुर से मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस बुधवार सुबह करीब आठ बजे शिवबाबा धाम के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक पर तीन संदिग्ध अन्नावा की ओर से कांशीराम कॉलोनी होते हुए शिवबाबा धाम की तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने शिवबाबा धाम मार्ग पर कांशीराम कॉलोनी के सामने घेराबंदी कर दी।

कुछ देर बाद बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो उनके पास से 12 मोबाइल फोन मिले। बाइक के नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। पूछताछ में तीनों की पहचान अयोध्या के बीकापुर क्षेत्र के साल्हीपुर निवासी नितेश अग्रहरि, लाला का पुरवा निवासी अभिषेक सिंह उर्फ देवदत्त और सालारपुर निवासी राकेश गुप्ता के रूप में हुई। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

**12 मोबाइल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़े शिवबाबा धाम के पास घेराबंदी में पकड़े गए आरोपी**

### भीटी से अहिरौली तक चोरी की बात

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने अंबेडकरनगर के भीटी, महरुआ, अकबरपुर और अहिरौली क्षेत्र से मोबाइल चोरी करने की बात कही। इसके अलावा अयोध्या और सुल्तानपुर में भी मोबाइल चोरी की घटनाओं में शामिल होने की जानकारी दी।

पुलिस अब बरामद मोबाइलों के संबंध में संबंधित क्षेत्रों में दर्ज चोरी की घटनाओं से मिलान कर रही है। इससे यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद फोन किन घटनाओं से जुड़े हैं।

# छाछ पीते ही उल्टी-चक्कर की शिकायत, जांच की मांग

## पराग केंद्र से खरीदी छाछ पर मिलावट का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। अकबरपुर के अफजलपुर स्थित पराग दुग्ध अवशीतन केंद्र से खरीदी गई छाछ को लेकर मिलावट का आरोप लगाया गया है। बीएमपी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एके सिंह राज ने जिला प्रशासन को शिकायत देकर छाछ के नमूने की जांच कराने और मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। एके सिंह राज के अनुसार, उन्होंने 16 सितंबर को बसखारी मार्ग स्थित अफजलपुर केंद्र से छाछ का एक पैकेट खरीदा था। पैकेट खोलने के बाद दो घूंट छाछ पीने पर उन्हें उल्टी और चक्कर जैसा महसूस हुआ। स्वाद भी उन्हें सामान्य नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने छाछ पीना बंद कर पैकेट सुरक्षित रख लिया।

शिकायतकर्ता ने छाछ में मिलावट या किसी अन्य पदार्थ की मौजूदगी की आशंका जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से पैकेट में मौजूद छाछ का नमूना लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने की मांग की है। साथ ही जांच के आधार पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने पराग ब्रांड के नाम से बिकने वाले दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया है। हालांकि, छाछ में वास्तव में मिलावट या किसी रसायन की मौजूदगी की पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसकी स्थिति जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सम्पादकीय

## आगे बढ़ी अटकी परियोजना



यह स्वागतयोग्य है कि लंबी प्रतीक्षा के बाद केंद्र सरकार की पहल पर छह राज्य महत्वाकांक्षी किशाऊ बांध परियोजना पर सहमत हुए। गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों ने इस परियोजना से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना को लेकर हिमाचल की सहमति इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह विपक्ष शासित राज्य है। उसकी सहमति इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि पिछले कुछ समय से कांग्रेस हर मामले में विरोध के लिए विरोध की राजनीति का परिचय देती चली आ रही है। उसके नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार की सहमति यह बताती है कि लोक कल्याण के विषयों पर दलगत राजनीतिक हितों से ऊपर उठने की आवश्यकता होती है।

यह अच्छा हुआ कि हिमाचल सरकार ने इस परियोजना के लिए सहमति दी। अभी तक वित्तीय अंशदान के अतिरिक्त इस परियोजना पर सहमति न बन पाने का एक कारण दलगत राजनीति भी रहा। यह जहां संतोषजनक है कि आखिरकार इस परियोजना का रास्ता साफ हो गया, वहीं इसकी अनदेखी भी न की जाए कि इसका प्रस्ताव स्वतंत्रता के पहले किया गया था। किसी परियोजना का आठ दशक से अधिक की देरी से शुरू हो पाना यही बताता है कि भारतीय लोकतंत्र में किस तरह कुछ आवश्यक काम भी अटक जाते हैं। ऐसा लोकतंत्र की अति के चलते होता है। इस अति के चलते ही आम तौर पर हर योजना-परियोजना का विरोध होता है और इसके चलते विकास के अनेक कार्यक्रम देर से शुरू हो पाते हैं।

आम तौर पर पहले राजनीतिक दल किसी परियोजना के विरोध में उतरते हैं, फिर सामाजिक या पर्यावरण समूह। इसके साथ ही उन्हें अदालतों में भी चुनौती दी जाती है। ऐसी परियोजनाओं की गिनती करना कठिन है, जिनके अमल में दशकों की देरी हुई। कुछ तो कभी आगे बढ़ ही नहीं सकीं। जो आगे बढ़ीं, उनकी लागत बढ़ी। किशाऊ बांध परियोजना पर हुआ समझौता उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में पेयजल और सिंचाई के संकट को दूर करने में सहायक बनेगा। इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन भी सुनिश्चित हो सकेगा।

यह उत्तराखंड के देहरादून और हिमाचल के सिरमौर जिले की सीमा पर टोंस नदी पर निर्मित की जाने वाली एक राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है। चूंकि टोंस यमुना की प्रमुख सहायक नदी है, इसलिए उसमें प्रवाह बनाए रखना आसान होगा और उसे साफ करने में भी मदद मिल सकती है। किशाऊ बांध परियोजना पर छह राज्यों के बीच हुआ समझौता यह बता रहा है कि केंद्र सरकार किस तरह विभिन्न राज्यों के बीच समझौते कराने को लेकर सक्रिय है। पिछले कुछ समय में केंद्र सरकार की सक्रियता के चलते कई राज्यों में नदी जल बंटवारे संबंधी समझौते हुए हैं। यह सिलसिला कायम रहना चाहिए।


## क्षमापना महापर्व

एक शब्द हैं, जिस पर आज लोगों का ध्यान आकृष्ट होना चाहिए । वह शब्द है मैत्री । इस एक शब्द में विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भी हैं । इसी का विपरीत शब्द है शत्रुता । इस शब्द में विश्व की अनेक समस्याओं का उत्स है । वैर और मैत्री - ये दो ऐसे शब्द हैं , जिसमें समस्या भी हैं और समाधान भी समाहित हैं । दुनिया में शक्ति के अनेक रूप हैं । प्रश्न किया गया कि सबसे बड़ी शक्ति क्या हैं ? महामात्य चाणक्य ने उत्तर दिया - सबसे बड़ी शक्ति हैं मित्रता । इस संदर्भ में महावीर वाणी को देखें तो उत्तर मिलता हैं- सबके साथ मेरी मैत्री हैं , वैर किसी के साथ नहीं हैं । यह बहुत अनुभव की वाणी हैं । बहुत कठिन काम है सबके साथ मैत्री करना । जहां स्वार्थ नहीं है , वहां मैत्री हो सकती हैं , किंतु जहां स्वार्थ हैं, वहां मैत्री नहीं हो सकती । होती भी हैं तो टूट जाती हैं । एक चक्के से रथ नहीं चलता- उसके लिए कम से कम दो चक्के चाहिए । अकेला व्यक्ति ठीक हैं, किंतु पर्याप्त नहीं हैं । उसके लिए सहायक चाहिए । मैत्री के भी दो रूप होते हैं - 1 व्यावहारिक मैत्री 2 आध्यात्मिक मैत्री । व्यावहारिक मैत्री दान- प्रतिदान और विनिमय के आधार पर चलती हैं । तुम अच्छा संबंध रखोगे तो मैं भी अच्छा संबंध रखूँगा । तुम यदि अच्छा संबंध नहीं रखोगे तो मुझसे भी ऐसी अपेक्षा मत करना । यह है व्यावहारिक मैत्री, जो विनिमय के आधार पर चलती हैं । इसमें कोई पारमार्थिक और आध्यात्मिक भाव नहीं हैं । आध्यात्मिक चेतना की जागृति के बिना वास्तविक मैत्री संभव नहीं हैं । आध्यात्मिक मैत्री में विनिमय नहीं होता , सिर्फ एक पक्ष होता हैं । बहुत दुर्लभ है आध्यात्मिक मैत्री । हेनरी फ़ोर्ड अमेरिका के सुप्रसिद्ध उद्योगपति थें । उनको फ़ोर्ड कंपनी विख्यात हैं । एक दिन एक पत्रकार ने उनसे कहा - आप अखूट संपदा के मालिक हैं । अमेरिका में सबसे धनी आदमी हैं । आपके पास सबकुछ हैं ।

› प्रदीप छाजेड़

# भ्रष्टाचार की शपथ से भ्रष्टाचार मुक्त भारत तक पसरी चुनौतियां

> भ्रष्टाचार का एक चेहरा आर्थिक है, दूसरा सत्ता-संस्कृति का। राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल व्यक्तिगत सुविधा के लिए होना भी सार्वजनिक नैतिकता को कमजोर करता है। इसका एक दिखाई देने वाला उदाहरण धार्मिक स्थलों पर वीआईपी दर्शन की संस्कृति है।




भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सबसे खतरनाक क्षण वह नहीं होता जब कोई व्यक्ति चोरी करता है, बल्कि वह होता है जब समाज चोरी को सामान्य मानने लगता है। जब रिश्वत को 'सुविधा शुल्क', कमीशन को 'व्यवस्था', राजनीतिक पहुंच को 'सिफारिश' और नियम तोड़ने को 'काम निकालने की कला' कहा जाने लगे, तब भ्रष्टाचार केवल कानून की समस्या नहीं रहता, वह सामाजिक संस्कार का संकट बन जाता है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से सामने आया कथित वीडियो इसी भयावह मानसिकता का प्रतीक बनकर हमारे सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग नगर निगम की आय को आपस में बांटने की शपथ लेते दिखाई दिए। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और वीडियो की परिस्थितियों व प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। इसलिए अंतिम निष्कर्ष जांच के बाद ही निकाला जाना चाहिए। लेकिन इस घटना का महत्व केवल इतना नहीं है कि उसमें कौन दिखाई दे रहा है और उन्होंने क्या कहा। असली प्रश्न यह है कि क्या भ्रष्टाचार अब इतना निर्भीक हो गया है कि उसे छिपाने के बजाय उसके बंटवारे की भी शपथ ली जा सकती है? अगर किसी सार्वजनिक संस्था से जुड़े लोग सार्वजनिक धन को निजी हिस्सेदारी की तरह देखने लगें तो यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत गंभीर चेतावनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में भ्रष्टाचार के संदर्भ में 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' का संकल्प सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था। उसके बाद भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनेक संस्थागत और डिजिटल उपायों पर जोर दिया गया। केंद्र सरकार ने भी 'जीरो टॉलरेंस' की नीति दोहराई है, लोकपाल को भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई के लिए वैधानिक भूमिका प्राप्त है और केंद्रीय सतर्कता आयोग की भूमिका निगरानी तथा निवारक सतर्कता में महत्वपूर्ण है। फिर भी प्रश्न बचा हुआ है-क्या कानून और तकनीक भ्रष्टाचार को खत्म कर सकते हैं, यदि भ्रष्टाचार की सामाजिक स्वीकार्यता बनी रहे? भ्रष्टाचार का नुकसान केवल सरकारी खजाने को नहीं होता। उसका सबसे बड़ा शिकार वह सामान्य नागरिक होता है जो लाइन में खड़ा है, टैक्स देता है, नियमों का पालन करता है और बदले में अपनी ही व्यवस्था से न्याय चाहता है। जिस सड़क का निर्माण होना था, वह घटिया बनती है तो नागरिक उसका मूल्य चुकाता है। जिस अस्पताल में दवा उपलब्ध होनी चाहिए, वहां कमी होती है तो गरीब मरीज कीमत चुकाता है। जिस सरकारी कार्यालय में काम समय पर होना चाहिए, वहां रिश्वत मांगी जाती है तो ईमानदार नागरिक की गरिमा पर चोट होती है।

ट्रांसप्रेंसी इंटरनेशनल के 2025 करप्शन परशेप्संस इंडेक्स में भारत को 39/100 अंक और 182 देशों में 91वां स्थान मिला। इसी संस्था के उपलब्ध ग्लोबल करप्शन बैरोमीटर आंकड़ों में 39 प्रतिशत सार्वजनिक सेवा उपयोगकर्ताओं ने पिछले 12 महीनों में रिश्वत देने की बात बताई थी, ये आंकड़े 2020 के एशिया सर्वे से संबंधित हैं, इसलिए इन्हें वर्तमान वर्ष की स्थिति का प्रत्यक्ष माप नहीं माना जाना चाहिए। आंकड़े हमें चेताते हैं, लेकिन उससे भी अधिक भयावह वह मानसिकता है जिसमें व्यक्ति भ्रष्टाचार का विरोध तब करता है जब वह स्वयं उसका शिकार बनता है। जब कोई काम पैसे देकर जल्दी हो जाता है, तो वही व्यवस्था हमें सुविधाजनक लगने लगती है। यहीं से भ्रष्टाचार को सामाजिक स्वीकृति मिलती है।

देश के अनेक प्रमुख मंदिरों में सामान्य श्रद्धालु घंटों कतार में खड़ा रहता है, जबकि प्रभावशाली व्यक्ति विशेष व्यवस्था से दर्शन कर लेता है। यह प्रश्न केवल मंदिर-प्रबंधन का नहीं है, यह समानता की लोकतांत्रिक भावना का प्रश्न है। आस्था में व्यक्ति छोटा-बड़ा नहीं होता। यदि सार्वजनिक व्यवस्था में पद, पैसा और पहुंच सामान्य नागरिक के अधिकार से ऊपर खड़े होने लगें तो लोकतंत्र का मूल भाव कमजोर पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि विशेष परिस्थितियों-जैसे सुरक्षा, दिव्यांगता, बुजुर्गों या विशिष्ट आधिकारिक दायित्व को छोड़कर वीआईपी संस्कृति को धीरे-धीरे समाप्त करने की दिशा में स्पष्ट मानक बनाए जाएं। लोकतंत्र का अर्थ यह नहीं कि कुछ लोग हमेशा आगे रहें और बाकी नागरिक हमेशा कतार में।

आज डिजिटल इंडिया ने अनेक सेवाओं को ऑनलाइन बनाया है। इससे पारदर्शिता बढ़ाने और प्रत्यक्ष संपर्क घटाने में मदद मिली है। लेकिन जहां प्रक्रिया अस्पष्ट है, अधिकारी के पास अत्यधिक विवेकाधिकार है या शिकायत का प्रभावी समाधान नहीं है, वहां डिजिटल व्यवस्था के बावजूद भ्रष्टाचार के नए रास्ते निकल सकते हैं। जीएसटी जैसे जटिल कर-प्रशासन में भी पारदर्शिता, स्पष्ट नियम, जोखिम-आधारित जांच और अधिकारी की जवाबदेही अत्यंत जरूरी हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि पूरा विभाग भ्रष्ट है, बल्कि किसी भी बड़े प्रशासनिक तंत्र में व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि ईमानदार अधिकारी सुरक्षित रहे और भ्रष्ट आचरण छिपा न सके। भ्रष्टाचार का इलाज केवल छापे और निलंबन नहीं है। इलाज है-कम विवेकाधिकार, अधिक पारदर्शिता, समयबद्ध सेवा, डिजिटल ट्रैकिंग, स्वतंत्र शिकायत-निवारण और निश्चित जवाबदेही। आज जरूरत एक नई शपथ की है। ऐसी शपथ जो केवल समारोह में न ली जाए, बल्कि हर दिन प्रशासनिक निर्णय में दिखाई दे-सरकारी पद सुविधा नहीं, जिम्मेदारी है। जनता से मिला अधिकार निजी लाभ का साधन नहीं, लोकसेवा का अवसर है। सार्वजनिक धन पर पहला अधिकार जनता का है। न रिश्वत लेंगे, न दिलाएंगे, न किसी भ्रष्ट व्यक्ति को संरक्षण देंगे। और यदि हमारे सामने भ्रष्टाचार होगा तो मौन रहना भी अपनी जिम्मेदारी से भागना माना जाएगा। राजनेताओं के लिए भी सबसे बड़ी कसौटी चुनाव जीतना नहीं, सार्वजनिक विश्वास को बनाए रखना होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को आरोप सिद्ध होने की प्रतीक्षा के साथ-साथ नैतिक आचरण के स्पष्ट मानक भी विकसित करने होंगे। प्रशासनिक अधिकारियों को भी यह संदेश देना होगा कि ईमानदारी केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, संस्थागत संस्कृति है। भ्रष्टाचार केवल नेता या अधिकारी पैदा नहीं करते। उसकी जमीन समाज में भी तैयार होती है। जब हम अपने बच्चे को कहते हैं-"किसी तरह काम करा लो", जब हम नियम तोड़कर गर्व महसूस करते हैं, जब हम अपने परिचित के लिए नियम बदलवाना चाहते हैं, जब हम रिश्वत देकर अपना काम जल्दी करवाकर खुश होते हैं-तब हम उसी व्यवस्था को मजबूत करते हैं जिसकी शिकायत अगले दिन करते हैं।

**ललित गर्ग**

## 'संपूर्ण' नामक यह...

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# हिंदी को समर्पित भारत-नेपाल मैत्री का नया आयाम 'संपूर्ण'

भाषाएं केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं होतीं; वे संस्कृतियों को जोड़ने वाले वे जीवंत सेतु होती हैं, जिन पर चलकर दो देशों के नागरिक एक-दूसरे के हृदयों तक पहुंचते हैं। जब बात हिंदी की हो, तो यह केवल एक भाषा मात्र नहीं रह जाती, बल्कि यह करोड़ों लोगों की भावनाओं, सद्भाव और सांस्कृतिक अस्मिता का वह स्पंदन है, जिसने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप को एक विशेष एकता और भ्रातृत्व के सूत्र में पिरोया है। सदियों से इस भाषा ने न केवल साहित्य को समृद्ध किया है, बल्कि लोक-व्यवहार और संपर्क की सबसे सहज कड़ी बनकर समाज को एकजुट भी रखा है।

भारतीय इतिहास के पन्नों में 14 सितंबर 1949 का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इसी दिन भारतीय संविधान ने हिंदी को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। आज हिंदी न केवल राजभाषा के रूप में बल्कि संपर्क भाषा के रूप में भी अपनी एक सशक्त पहचान बना चुकी है। उस कालखंड में हिंदी के समक्ष एक नवोदित राष्ट्र को भाषाई और भावनात्मक स्तर पर एकताबद्ध करने का एक महान ऐतिहासिक अवसर था। राजभाषा के रूप में हिंदी की उस ऐतिहासिक उद्घोषणा से लेकर आज के आधुनिक संचार युग तक की यात्रा अत्यंत प्रगतिशील और प्रेरणादायी रही है। टंकण-यंत्रों की खटपट से शुरू होकर यह यात्रा संगणक (कंप्यूटर) के कुंजीपटल और अब अंतरजाल (इंटरनेट) तथा आधुनिक दूरभाष यंत्रों (मोबाइल) के स्पर्श-पटल तक पहुंच चुकी है। हिंदी ने समय और तकनीकी के हर सांचे में स्वयं को ढालकर यह सिद्ध कर दिया है कि वह सरकारी कार्यालयों की संचिकाओं, समृद्ध साहित्य और समाज में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने के साथ-साथ, विश्व पटल पर भी एक सशक्त और जीवंत संपर्क माध्यम के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी की यह गौरवशाली विकास यात्रा और इसका प्रभाव अब राजनीतिक सीमाओं से परे जाकर वैश्विक पटल पर छा रहा है। यही कारण है कि केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अन्य देशों में भी हिंदी के पठन-पाठन, प्रचार-प्रसार तथा उपयोग को निरंतर बढ़ावा मिल रहा है। इसका सबसे सुंदर और प्रत्यक्ष उदाहरण हमारा निकटतम मित्र राष्ट्र नेपाल है। भारत के मित्र देशों में शामिल पड़ोसी देश नेपाल में हिंदी बोलने, समझने और उपयोग करने वालों की अत्यधिक संख्या है। नेपाल में हिंदी का प्रचलन दशकों और सदियों से चला आ रहा है। भारत और नेपाल के भाषाई संबंध अत्यंत प्रगाढ़ हैं, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि नेपाली भाषा को भारतीय संविधान की 22 मान्य भाषाओं की अनुसूची में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर, नेपाल के हिंदी विद्वान भारत में कई क्षेत्रों में अत्यंत उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। पशुपतिनाथ से लेकर काशी विश्वनाथ तक और जनकपुर से लेकर अयोध्या तक, दोनों देशों की साझा विरासत एक ही है। हाल ही में अन्नपूर्णा संचार समूह के एक परिचयात्मक चलचित्र (प्रमोशनल वीडियो) में भारत के प्रधानमंत्री के वक्तव्य के माध्यम से इसी आत्मीयता को बहुत सुंदरता से रेखांकित किया गया है, जहाँ वे नेपाल को भारत का एक अंतरंग और घनिष्ठ मित्र बताते हैं। इस प्रगाढ़ मैत्री को और अधिक जीवंत बनाने में हिंदी लंबे समय से एक अत्यंत आत्मीय संपर्क भाषा की भूमिका निभा रही है।

इसी ऐतिहासिक जुड़ाव और भाषाई सेतु को अब एक नया और आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। हाल ही में अन्नपूर्णा मीडिया नेटवर्क द्वारा बनाए गए 'संपूर्ण' (Sampurna) एप्लीकेशन में हिंदी भाषा को भी शामिल किया गया है। इसके माध्यम से हिंदी भाषी लोगों को इस मीडिया हाउस के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया गया है। नेपाल को अपना घर मानने वाले, वहां व्यापार या विद्यार्जन करने वाले लाखों लोगों के लिए यह एक अत्यंत सुलभ और सकारात्मक कदम है। यह इस बात का सशक्त प्रमाण है कि 1949 में जिस हिंदी को भारत के राजकाज और जन-संपर्क के लिए चुना गया था, वह आज पड़ोसी देशों में भी जन-सशक्तिकरण और जुड़ाव का प्रमुख माध्यम बन रही है।

'संपूर्ण' नामक यह मंच केवल समाचारों या सूचनाओं के प्रसारण तक सीमित नहीं है; इसमें समाहित 'नागरिक स्वर' जैसी अभिनव सुविधा एक आम व्यक्ति को यह अधिकार और शक्ति देती है कि वह अपने आस-पास के सामाजिक विषयों और विकास संबंधी बातों को अपनी सहज भाषा, यानी हिंदी में, चित्रों और चलचित्रों के साथ सामने रख सके। बाद में इन जन-सूचनाओं की प्रामाणिकता और सत्यता की जांच संवाददाताओं द्वारा की जाती है।

## टीम द्वारा...

बी0एल0 यादव

# जनपद सोनभद्र के ग्राम मारकुण्डी के सरस्वती आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य मुर्गी पालन और किराना व्यवसाय से बनीं आत्मनिर्भर उद्यमी

कभी सीमित आमदनी और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच बेहतर भविष्य का सपना देखने वाली मोहरमनी आज अपने परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और स्वयं सहायता समूह से मिले सहयोग के बल पर सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं। सोनभद्र जनपद के राबर्ट्सगंज विकासखंड के मारकुण्डी (चकरिया) गांव की 30 वर्षीय मोहरमनी ने समूह से जुड़कर न केवल अपने भीतर आत्मविश्वास पैदा किया, बल्कि मुर्गी पालन और किराना दुकान जैसे उद्यमों को आगे बढाकर अपनी मासिक आय को 6 हजार रुपये से बढाकर 16 हजार रुपये तक पहुंचाया है। उनके उद्यम से स्वयं सहित दो अन्य लोगों को भी रोजगार का अवसर मिल रहा है। अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाली और 10वीं पास मोहरमनी एक संयुक्त परिवार में रहती हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ खेती और पशुपालन से होने वाली आय से परिवार का गुजर-बसर किसी तरह हो जाता था, लेकिन मोहरमनी हमेशा कुछ बेहतर करने और अपनी आमदनी बढ़ाने के बारे में सोचती रहती थीं। इसी सोच ने उन्हें सरस्वती आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समूह से जुड़ने के बाद मोहरमनी को विभिन्न योजनाओं, उद्यम संचालन और स्वरोजगार के नए अवसरों की जानकारी मिलने लगी। सामुदायिक बैठकों, एफजीडी, कैनवास गेम और एक्सपोजर विजिट जैसी गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। धीरे-धीरे उनके मन में अपना उद्यम शुरू करने का विचार मजबूत हुआ। उन्होंने अपनी उपलब्ध पूंजी से मुर्गी पालन का कार्य शुरू किया। मेहनत और निरंतर प्रयास से इस व्यवसाय से आमदनी बढ़ने लगी और इसी आय का उपयोग करते हुए उन्होंने किराना दुकान भी शुरू कर दी।

**उद्यमिता विकास परियोजना से मिला विस्तार का अवसर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी के कुशल नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उद्यमिता विकास परियोजना के अंतर्गत मारकुण्डी गांव में आयोजित बैठक में मोहरमनी ने परियोजना की गतिविधियों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। टीम द्वारा उन्हें टेक्निकल सपोर्ट, फाइनेंस, मार्केटिंग और क्षमता संवर्धन के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। मोहरमनी ने टीम के समक्ष अपने मुर्गी पालन व्यवसाय को विस्तार देने की इच्छा जताते हुए मार्केटिंग सपोर्ट और ऋण की आवश्यकता बताई।

परियोजना टीम द्वारा उनके उद्यम का फोकस ग्रुप चर्चा (एफजीडी) कराया गया और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर इंडियन बैंक से 3 लाख रुपये का सीसीएल ऋण स्वीकृत कराया गया। इसमें मोहरमनी का स्वयं का योगदान 30 हजार रुपये रहा। ऋण की सहायता से उन्होंने अपने व्यवसाय को विस्तार दिया। किराना दुकान में आवश्यक सामान उपलब्ध कराया और मुर्गी पालन के लिए चूजों की संख्या बढ़ाई।

## जरा हटके

## प्रदेश सरकार द्वारा...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# जौनपुर में औद्यानिक विविधीकरण से कृषक समृद्धि को मिली नई दिशा

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय में सतत वृद्धि और पारंपरिक खेती के विविधीकरण के लिए संचालित 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन' (एमआईडीएच) के सकारात्मक परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। जनपद जौनपुर में खाद्यान्न फसलों के पारंपरिक चक्र से आगे बढ़कर व्यावसायिक और उच्च मूल्य वाली औद्यानिक फसलों को अपनाने की दिशा में किसानों का रुझान तेजी से बढ़ा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समन्वित प्रयासों से जनपद के किसान आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री और प्रत्यक्ष वित्तीय अनुदान का लाभ उठाकर आर्थिक स्वावलंबन की नई मिसाल कायम कर रहे हैं।

जनपद जौनपुर के विकासखंड बदलापुर अंतर्गत ग्राम गजेंद्रपुर की प्रगतिशील महिला कृषक श्रीमती प्रेमलता (पत्नी श्री भूप नारायण सिंह) ने औद्यानिक विविधीकरण को अपनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में 0.8 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टिश्यू कल्चर केले की व्यावसायिक खेती की शुरुआत की। पारंपरिक फसलों की तुलना में सीमित रकबे में उच्च उत्पादकता और सुनिश्चित बाजार मांग को देखते हुए उठाया गया यह कदम क्षेत्र के अन्य कृषकों के लिए भी पथ-प्रदर्शक सिद्ध हुआ है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन एवं उद्यान विभाग द्वारा कृषक को दो चरणों में वित्तीय उपादान उपलब्ध कराया गया। प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 0.8 हेक्टेयर भूमि पर केला रोपण हेतु 24,590 की अनुदान धनराशि स्वीकृत की गई। इसके उपरांत पौधों के स्थिरीकरण और समुचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में द्वितीय वर्ष के रखरखाव मद में 8,193 की अतिरिक्त सहायता दी गई। इस प्रकार योजना के अंतर्गत कुल 32,783 का उपादान डीबीटी माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। आर्थिक सहयोग के साथ-साथ विभाग द्वारा वैज्ञानिक फसल प्रबंधन, संतुलित पोषण और पादप सुरक्षा के संबंध में गहन तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। श्रीमती प्रेमलता ने प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर ड्रिप सिंचाई प्रणाली, जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा समयानुसार निराई-गुड़ाई और कीट प्रबंधन को प्रभावी रूप से लागू किया। रोपण से लेकर कटाई तक के संपूर्ण फसल चक्र में जुताई, खाद, सिंचाई, पौध संरक्षण और श्रम सहित कुल कृषि लागत लगभग 1.50 लाख रही। वैज्ञानिक पद्धतियों के अनुपालन से प्राप्त उच्च गुणवत्तायुक्त उपज के विपणन से कृषक को लगभग 5.00 लाख की शुद्ध बचत प्राप्त हुई। श्रीमती प्रेमलता की यह उपलब्धि जौनपुर के ग्रामीण अंचल में महिला सशक्तिकरण और कृषि उद्यमिता का एक सशक्त प्रमाण बनकर उभरी है। उनकी सफलता ने गजेंद्रपुर सहित बदलापुर एवं निकटवर्ती विकासखंडों के छोटे व सीमांत किसानों को पारंपरिक कृषि के साथ-साथ व्यावसायिक फल उत्पादन अपनाने के लिए प्रेरित किया है। महिलाओं द्वारा आधुनिक कृषि प्रबंधन को सफलतापूर्वक संचालित किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार और उद्यमशीलता का एक नया वातावरण तैयार हुआ है।

जनपद जौनपुर की भौगोलिक संरचना और गोमती नदी कछार की उपजाऊ जलोढ़ मृदा औद्यानिक फसलों के विकास के लिए अत्यंत अनुकूल है। इसी क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला और औषधीय फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता विस्तार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत टिश्यू कल्चर केला, अमरूद की सघन बागवानी, आम, लीची, ड्रैगन फ्रूट और स्ट्रॉबेरी जैसी नकदी फसलों के रोपण पर निर्धारित मानकों के अनुरूप आर्थिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे किसानों को प्रति इकाई क्षेत्र से अधिकतम लाभ मिल सके।

प्रदेश सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणित नर्सरियों और टिश्यू कल्चर प्रयोगशालाओं के माध्यम से रोगमुक्त पौधों की आपूर्ति पर बल दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जनपद में स्थित पुराने, अनुत्पादक और परंपरागत बागों की उत्पादकता को पुनर्जीवित करने हेतु कैनोपी प्रबंधन एवं सघन जीर्णोद्धार कार्यक्रम क्रियान्वित किए जा रहे हैं। वैज्ञानिक छंटाई और पोषण प्रबंधन से पुराने बागों को पुनः फलदायी बनाकर कृषकों की परिसंपत्तियों का उत्पादक उपयोग संभव हो रहा है।

प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को न्यूनतम करने और बेमौसम उत्पादन के जरिए किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से संरक्षित खेती (प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन) को जनपद में गति दी जा रही है। पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस, वॉक-इन टनल और प्लास्टिक मल्चिंग जैसी तकनीकों की स्थापना पर 50 प्रतिशत तक का वित्तीय अनुदान अनुमन्य कराया जा रहा है। इस व्यवस्था से नियंत्रित वातावरण में रंगीन शिमला मिर्च, खीरा, चेरी टमाटर तथा जरबेरा, डच रोज और ग्लैडियोलस जैसे व्यावसायिक फूलों की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है।

जल संरक्षण और सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए मिशन का समन्वय 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के साथ किया गया है। टपक (ड्रिप) एवं फव्वारा (स्प्रिंकलर) सिंचाई पद्धतियों को अपनाने से पानी की 40 से 50 प्रतिशत तक बचत होने के साथ-साथ उर्वरकों की उपयोग दक्षता में सुधार हुआ है। खरपतवारों के प्रभावी नियंत्रण और मृदा नमी के संरक्षण से प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे खेती की लागत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। औद्यानिक उत्पादों के शीघ्र नष्ट होने की प्रकृति को देखते हुए कटाई उपरांत प्रबंधन (पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट) की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके साथ ही, स्थानीय स्तर पर प्याज उत्पादकों को बाजार की अनिश्चितता और भंडारण क्षति से सुरक्षा प्रदान करने के लिए 25 मीट्रिक टन क्षमता के लो-कॉस्ट प्याज भंडारण ढांचों के निर्माण पर वित्तीय सहायता दी जा रही है।

## नौकरी से नहीं हटाए जाएंगे, कैशलेस इलाज होगा, महिलाओं को मातृत्व लीव मिलेगी

# यूपी में पंचायत सहायकों का वेतन 50% बढ़ा

**निर्णय**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । धरने पर बैठे पंचायत सहायकों को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। उनका मानदेय 3 हजार रुपए बढ़ा दिया है। अब उन्हें 6 हजार की जगह 9 हजार रुपए मिलेंगे। यानी सरकार ने 50% मानदेय बढ़ाया है। प्रदेश में 57 हजार पंचायत सहायक हैं। पंचायती राज मंत्री राजभर ने बुधवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मानदेय बढ़ाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा- सीएम योगी से बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया। मंत्री राजभर ने कहा-अब किसी पंचायत सहायक को ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव अपनी मर्जी से पद से नहीं हटा सकेंगे। पंचायत सहायक को हटाने से पहले डीएम के नेतृत्व में गठित कमेटी जांच करेगी। जांच के बाद ही सेवा समाप्त करने का फैसला लिया जा सकेगा। राजभर ने कहा, 'पंचायत सहायकों को इलाज के लिए कैशलेस सुविधा का लाभ मिलेगा। महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश भी मिलेगा। अब मानदेय की राशि सीधे पंचायत सहायक के बैंक खाते में भेजी जाएगी।' पहले मानदेय ग्राम प्रधान के खाते में आता था। सचिव और ग्राम प्रधान के सिग्नेचर के बाद पैसे निकाले जाते थे। राजभर ने कहा-धरना-प्रदर्शन के दौरान पंचायत सहायकों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे। इस दौरान कार्रवाई कर जिन पंचायत सहायकों को हटाया गया है, उन्हें दोबारा बहाल किया जाएगा। मंत्री राजभर ने कहा- ऐसा है ना कि 'न नौ मन गेहूं होई, न राधा यौवने जईहे'। ओवैसी जी कहते हैं कि हम मुख्यमंत्री बनेंगे तो वो मानेंगे, कोई मानेगा? कैसे गठबंधन होगा? कांग्रेस कहती है 200 सीट चाहिए। अखिलेश यादव कहते हैं कि हम 300 के नीचे लड़ेंगे ही नहीं। प्रयास सब लोग कर रहे हैं, लेकिन प्रयास निरर्थक है।



**पंचायत सहायकों के प्रदर्शन पर बसपा प्रमुख मायावती ने कहा था- सरकार को उनकी मांगों पर विचार करना चाहिए। अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल और सांसद चंद्रशेखर भी धरना स्थल पर पहुंचे थे और पंचायत सहायकों को समर्थन दिया था। चंद्रशेखर ने कहा था- जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, हमारे भाई किसी की मांग नहीं भरेंगे।**

### 2 दिन पहले राजभर ने कहा था- दिमाग से निकाल दो, 20 से 25 हजार मिलेंगे

14 सितंबर को धरनारत पंचायत सहायकों ने मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात की थी। तब उन्होंने कहा था- बजट के प्रावधानों को देखते हुए 12 हजार या 15 हजार रुपए का मानदेय देना संभव नहीं है। यह दिमाग से निकाल लो कि आपको 20 से 25 हजार रुपए मिल जाएंगे। ऐसा कतई नहीं होगा।

उन्होंने कहा था- मैंने गांवों में देखा है कि लोग ऑनलाइन फॉर्म भरवाने के लिए जनसेवा केंद्र जाते हैं। यह काम आप लोगों का है। लोग बाहर इसलिए जाते होंगे, क्योंकि आप लोग काम नहीं करते होंगे। सिर्फ वेतन देने के लिए नियुक्ति नहीं दी गई है। सभी लोग काम करते तो इस पर विचार होता। लोग बैठे-बैठे मानदेय ले रहे हैं। अधिकतर लोग प्रधान या किसी पहुंच वाले के घर के लोग भर्ती हो गए हैं।



## यूपी को नफरत-बुलडोजर का प्रतीक बनाया : आइसा अध्यक्ष

### बाबा के खिलाफ कोई एक शब्द नहीं बोल सकता

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। लखनऊ में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (AISA) का 'GenZ Rising' कार्यक्रम चल रहा है। कैसरबाग स्थित गांधी भवन में AISA की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा समेत कई छात्र नेता और सोशल एक्टिविस्ट मौजूद हैं। नेहा बोरा ने कहा- जिस उत्तर प्रदेश को संस्कृति, संघर्ष और एकता के लिए जाना जाता था, आज उसे नफरत और बुलडोजर का प्रतीक बना दिया गया है। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की पहचान सिर्फ नफरत और बुलडोजर के लिए बन गई है। जंतर-मंतर फेम इरफान ने ओपी राजभर पर निशाना साधा। उन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओपी राजभर को "जुमलेबाज नेता" बताया। इसके बाद उन्होंने गाया- 100-100 के नोट चाहिए तो चमचागिरी करो, ख्वाहिश हो हजारों की तो दादागिरी करो। वोटों की राजनीति है, सौदागिरी करो,और लाखों में खेलना हो तो नेतागिरी करो! गांधी भवन के बाहर और अंदर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम में आने वाले लोगों की दो अलग-अलग जगहों पर चेकिंग की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर इंक वाले पेन और इंक लाने पर भी रोक है। जो लोग इंक वाले पेन लेकर पहुंच रहे हैं, उन्हें हॉल के बाहर ही रोककर पुलिस पेन जमा करा रही है। 'GenZ Rising' अभियान की शुरुआत 9 अगस्त को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से हुई थी।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में आशा वर्कर्स ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

लखनऊ । लखनऊ में बुधवार को आशा वर्कर्स ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास का घेराव किया। उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से आईं आशा वर्कर्स ने उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन किया। आशा वर्कर्स का कहना है कि वे अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हो रही है। उनकी प्रमुख मांग मानदेय बढ़ाने की है।

### रोडवेज बस ड्राइवर को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के सरोजनीनगर में बुधवार सुबह सड़क पार कर रहे रोडवेज के संविदा बस चालक मोहम्मद नदीम (45) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद नदीम मूलरूप से बाराबंकी के जैदपुर थाना क्षेत्र के बोजा गांव के रहने वाले थे। वह आशियाना के औरंगाबाद में पत्नी कैफी और दो बेटों के साथ रहते थे। नदीम उपनगरीय बस में संविदा चालक के तौर पर काम करते थे।

### लखनऊ में सिपाही ने शादी का झांसा देकर रेप किया

बख्शी का तालाब। लखनऊ में डायल-112 में तैनात एक सिपाही ने महिला को शादी का झांसा देकर रेप किया। पीड़िता ने बताया कि गर्भवती होने के बाद सिपाही शादी से मुकर गया और उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगा। महिला ने पुलिस अधिकारियों पर भी शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने और समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

# योगी सरकार का भूजल बचाने पर फोकस

**गंगा-यमुना दोआब में भूजल बढ़ाने की तैयारी, 1.65 करोड़ की परियोजना से होगा जलभृतों का पुनर्भरण**

**कानपुर से प्रयागराज के बीच मिली 200 किमी लंबी भूमिगत प्राचीन नदी**

**अब इसी रास्ते भूजल संरक्षण को मिलेगी नई दिशा, छह स्थानों पर शुरू होगा भूजल पुनर्भरण**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में भूजल संरक्षण और लंबे समय की जल सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक तरीके से काम तेज कर दिया है। इसी कड़ी में गंगा-यमुना दोआब में 1.65 करोड़ रुपये की 'प्रबंधित जलभृत पुनर्भरण (एमएआर) परियोजना' शुरू की गई है। तीन साल की इस परियोजना के तहत बारिश के पानी को जमीन के अंदर मौजूद जलभृतों (भूमिगत जल भंडार) तक पहुंचाकर भूजल का पुनर्भरण किया जाएगा। परियोजना की सबसे अहम कड़ी कानपुर से प्रयागराज के बीच करीब 200 किलोमीटर लंबी भूमिगत प्राचीन नदी/पैलियोचैनल प्रणाली की पहचान हुई है। वैज्ञानिकों के मुताबिक ये पुराने नदी मार्ग आज भी जमीन के अंदर पानी के आने-जाने में मददगार हो सकते हैं। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव एवं निदेशक, भूगर्भ जल विभाग डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनसीआरआई) हैदराबाद के वैज्ञानिकों ने आधुनिक तकनीक के जरिए गंगा-यमुना दोआब के नीचे मौजूद जलभृतों और प्राचीन नदी प्रणालियों का अध्ययन किया है। इसके लिए हवाई भू-भौतिकीय सर्वेक्षण और बोरहोल लॉगिंग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। इस अध्ययन में प्रयागराज से कानपुर के बीच करीब 200 किलोमीटर लंबी भूमिगत प्राचीन नदी यानि पैलियोचैनल प्रणाली की पहचान हुई है। आसान भाषा में कहें तो जमीन के नीचे पुराने नदी मार्गों के निशान मिले हैं, जो आज भी भूजल के प्रवाह में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी) के 2,607 पदों के लिए भी विज्ञापन जारी

# यूपी में 15,012 शिक्षक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

- सहायक अध्यापक और पीजीटी के विज्ञापन जारी
- माध्यमिक शिक्षा विभाग में 897 सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी तथा बेसिक शिक्षा विभाग में 11,508 सहायक अध्यापक शहरी के पदों पर भर्ती

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में युवाओं को शिक्षक भर्ती के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती से संबंधित दो महत्वपूर्ण विज्ञापन जारी किए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि इन विज्ञापनों के माध्यम से कुल 15,012 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी (अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों) के 897 रिक्त पदों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक, शहरी (URBAN) के 11,508 रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) व्यवस्था लागू की है। अभ्यर्थियों को OTR प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही संबंधित पदों के लिए आवेदन करना होगा।

विज्ञापन संख्या-05/2026 के अन्तर्गत सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी तथा सहायक अध्यापक, शहरी के पदों के लिए विज्ञापन 15 सितम्बर, 2026 को जारी किया गया है। ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया 16 सितम्बर, 2026 से प्रारम्भ होगी।

### प्रवक्ता संवर्ग के पदों के लिए परीक्षा 15 एवं 16 दिसम्बर को

आयोग अध्यक्ष ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रवक्ता संवर्ग (PGT) के 2,607 रिक्त पदों के लिए भी विज्ञापन संख्या-06/2026 जारी किया गया है। इस भर्ती के लिए विज्ञापन 15 सितम्बर, 2026 को प्रकाशित किया गया है तथा ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया 18 सितम्बर, 2026 से प्रारम्भ होगी। पीजीटी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर, 2026 तथा ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर, 2026 निर्धारित की गई है। प्रवक्ता संवर्ग के पदों के लिए परीक्षा 15 एवं 16 दिसम्बर, 2026 को है।

## ए.के. शर्मा की सख्ती के बाद जल निगम के अधिशासी अभियंता निलंबित

# 'जल निकासी व्यवस्था को लेकर अधिकारी अलर्ट मोड में रहें'

**जलभराव की समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, संवेदनशील क्षेत्रों की पहले से पहचान कर तैयारियां पूरी रखें - नगर विकास मंत्री**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ/ वाराणसी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा की सख्ती के बाद वाराणसी में जल निकासी व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता श्री पवन कुमार गुप्ता को निलंबित किए जाने के बाद मंत्री ने प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को लेकर अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था में किसी भी स्तर पर शिथिलता आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए अधिकारी पहले से तैयार रहें और संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाराणसी सहित प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। प्रत्येक संवेदनशील क्षेत्र को चिन्हित कर वहां नालों, सीवर लाइनों और पम्पिंग स्टेशनों की स्थिति की पहले से समीक्षा की जाए। जहां कहीं भी जल निकासी की व्यवस्था में कमी दिखाई दे, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्या उत्पन्न होने का इंतजार न करें, बल्कि संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पहले से आवश्यक तैयारियां पूरी रखें।

### जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं

ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही के लिए कोई स्थान नहीं है। शासन द्वारा अधिकारियों को पर्याप्त संसाधन और आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ऐसे में कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही अथवा उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर, सुगम और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बीकेटी में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को रौंदा

बख्शी का तालाब। लखनऊ के बख्शी का तालाब (बीकेटी) इलाके में बुधवार तड़के सड़क हादसे में 24 साल के युवक की मौत हो गई। हादसा चंद्रिका देवी रोड पर आशीर्वाद पेट्रोल पंप के पास हुआ। युवक बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, कठवारा निवासी दिलीप सिंह (24) लखनऊ की एक वाई-फाई कंपनी में हेल्पर था। बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे वह बाइक से ड्यूटी के लिए निकला था। घर से कुछ दूर चंद्रिका देवी रोड पर आशीर्वाद पेट्रोल पंप के पास आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रही दिलीप की बाइक ट्रॉली में लदी बल्ली से जा टकराई। बल्ली की चपेट में आने से उसके सीने में गंभीर चोट आई। इसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी।

## आशा कार्यकर्त्रियों ने ब्रजेश पाठक के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

### 75 जिलों से राजधानी पहुंची आशा कार्यकर्त्रियां

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में बुधवार को आशा कार्यकर्त्रियों ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया। 75 जिलों से आईं आशा कार्यकर्त्रियों ने उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन किया। वे अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से मानदेय बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आशा वर्कर्स ने प्रतिमाह 25 हजार रुपए वेतन देने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि प्रदेश में करीब 1,57,596 आशा कार्यकर्त्रियां तैनात हैं। जो कि समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम करती हैं।

आशा कार्यकर्त्री गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव के बाद की देखभाल और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े कार्य करती हैं। वे टीकाकरण, नसबंदी और परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करती हैं। इसके अलावा, एनएचएम के तहत चलने वाली विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में भी उनकी अहम भूमिका होती है। आशा कार्यकर्त्रियों ने जताई नाराजगीः प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा, यह कहती कुछ और है करती कुछ और है। महिलाओं के सम्मान की बात करती है दूसरी तरफ महिलाओं का शोषण हो रहा है। प्रदर्श-नकारियों ने कहा 300 रुपए अनपढ़ों को मजदूरी मिलती है और सरकार हमें सिर्फ 100 रुपए दे रही है।

**लक्ष्य : योगी सरकार की सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगा 'सेवा संकल्प अभियान'**

# 12 प्रमुख कार्यक्रमों से गांव से शहर तक पहुंचेगा सेवा का संदेश

- 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा राज्यव्यापी अभियान, 4.19 करोड़ परिवार और 15.74 करोड़ लाभार्थी जुड़ेंगे

तमसा संकेत, संवाददाता



**25 लाख लाभार्थियों की सफलता की कहानियां होंगी डिजिटल**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सेवा, सुशासन, जनकल्याण और विकास की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलेगा। एक माह के अभियान के जरिए योगी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों की सफलता की कहानियां सामने लाने के साथ प्रदेशवासियों को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ा जाएगा। अभियान के प्रभारी एवं उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के मार्गदर्शन में शासन से जनपद स्तर तक त्रिस्तरीय समन्वय व्यवस्था बनाई गई है। अभियान में केंद्र सरकार के 12 वर्षों और राज्य सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों से आए बदलावों को प्रस्तुत करने पर जोर रहेगा। केंद्र एवं राज्य की योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों का त्रिस्तरीय डेटा बैंक तैयार होगा। कुल 4.19 करोड़ परिवारों और 15.74 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के 3.51 करोड़ परिवार व 13.01 करोड़ लाभार्थी तथा शहरी क्षेत्र के 0.68 करोड़ परिवार व 2.73 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं। अभियान में 'आशीर्वाद का दीया', 'मेरे सपनों का भारतः चित्र सेवा', 'नमो सेवा-अनकही कहानियां', 'आंगन मिलन सेवा', 'सेवा की कहानी', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग', 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' और 'सुशासन सेवा संवाद' आयोजित होंगे।

### नुक्कड़ नाटक और डिजिटल कहानियों से जनजागरण

'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के तहत प्रत्येक जनपद में 18 से 20 कलाकारों की सांस्कृतिक टोलियां गठित होंगी। प्रत्येक विधानसभा में सात कार्यक्रम होंगे। ग्राम पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर 25 से 30 मिनट की प्रस्तुति के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास की कहानी पहुंचाई जाएगी। 'सेवा की कहानी' डिजिटल एवं रील अभियान में 25 लाख लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव पर 60 सेकंड की रील्स तैयार होंगी। आवास, विद्यालय, पंचायत भवन, पुस्तकालय, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इनलैंड पोर्ट, मेट्रो, आरआरटीएस और विश्वविद्यालयों से जुड़ी विकास कहानियां प्रदर्शित की जाएंगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'आंगन मिलन सेवा' में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय उत्सव एवं संवाद होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा दीदियों और उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं का सम्मान किया जाएगा। पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला योजनाओं की जानकारी के साथ हेल्दी बेबी शो, बच्चों को कॉमिक बुक्स, खिलौने, फल-मिठाई, अतिरिक्त पोषाहार एवं सामग्री वितरण होगा।

# 29 करोड़ से अधिक की धनराशि की स्वीकृति

**दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत धनराशि की गयी प्रदान**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे वित्तीय वर्ष 2026-27 में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत एस०एन०ए० स्पर्श माडयूल के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मदर सैक्शन के सापेक्ष अनुदान सं0-13 की धनराशि द्वारा अनुदान सं0-13 (सामान्य मद) मानक मद-27 सब्सिडी के अंतर्गत जारी केन्द्रांश Mother Sanction की धनराशि रु० 1770.25 लाख के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि रु० 1180.17 लाख अर्थात कुल धनराशि रु० 2950.42 लाख (रु० उन्तीस करोड पचास लाख बयालिस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त कर आयुक्त, ग्राम्य विकास के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि धनराशि का कोषागार से आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्यकतानुसार चरणों में किया जाये धनराशि का आहरण एवं व्यय योजना विषयक गाइड लाइन/दिशा निर्देश तथा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाए। जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि आकड़ों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता की पुष्टि का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।स्वीकृत की गयी धनराशि के विरुद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने व उसके परीक्षण/सत्यापन सुनिश्चित किये जाने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास / मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा। स्वीकृत धनराशि के नियम संगत व्यय व स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

# नहर में डूब रहे युवक को सिपाही ने बचाया

## लखीमपुर में मोर को निगल गया अजगर, मऊ में तेज बारिश, 56 जिलों में अलर्ट

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर, मेरठ । यूपी में बारिश का सिलसिला भले ही थम गया है, लेकिन पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। गोंडा में सरयू नदी फिर उफना गई। हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गई हैं। 18 गांवों की 14 हजार आबादी बाढ़ से घिर गई है। इधर, बुलंदशहर में नहर में डूब रहे युवक को सिपाही और गोताखोर ने बचा लिया। बताया जा रहा है कि युवक ने खुद नहर में छलांग लगाई थी। उसे डूबता देखकर सिपाही ने भी छलांग लगा दी और उसे बाहर निकाल लिया।

लखीमपुर खीरी में अजगर ने खेत में मोर को निगल लिया। बदायूं में गंगा फिर उफना गई। पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। कई इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

बुधवार सुबह मऊ में 30 मिनट तक जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज 56 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को 25 शहरों में बारिश हुई थी। गोरखपुर में बुधवार सुबह से ही तीखी धूप निकली हुई है। हवाओं की रफ्तार धीमी होने से उमस काफी ज्यादा महसूस की जा रही है। मौसम वैज्ञानिक कैलाश पांडेय ने बताया कि अगले दो दिनों तक मौसम मिलाजुला बना रहेगा। इस दौरान शहर और आसपास के इलाकों में छिटपुट बारिश हो सकती है, जिससे उमस और बढ़ने की संभावना है। 18 सितंबर को गरज-चमक के साथ तेज बारिश का अनुमान है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। आज शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

आगरा में बुधवार सुबह से धूप निकली हुई है। 7 किमी की रफ्तार से हवा चल रही है। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। दोपहर में मौसम बदल सकता है। बादल छाने के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं और बूंदाबांदी होने के आसार हैं।




**वाराणसी के आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं। शहर का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस है। हवा 6 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पूरे दिन हल्की बारिश होने की संभावना है।**

**यूपी में मानसून अभी सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना हुआ है। इसके चलते अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर जारी रह सकता है। पूर्वी यूपी में बारिश की ज्यादा संभावना है।**

### मऊ में 30 मिनट तक जोरदार बारिश

मऊ में बुधवार सुबह 30 मिनट तक जोरदार बारिश हुई। इससे सड़कों पर जलभराव हो गया। बारिश से उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, आज अधिकतम तापमान करीब 33C और न्यूनतम 27C रहने का अनुमान है। आज 10-12 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। काशी में गंगा का जलस्तर तेजी से घट रहा है। नमो घाट पर बनारस मंच के नीचे तक पानी पहुंच गया था। पानी घटने के बाद यहां सिल्ट और गंदगी जमा हो गई है। अब मंच के आसपास सफाई की जा रही है।




बुलंदशहर में नहर में डूब रहे युवक को सिपाही और गोताखोर ने बचा लिया।

# पत्नी मूवी नहीं देख पाई तो फंदे से लटकी

## बदायूं में पति ने टेबलेट छीना, बोला- पहले मैं देखूंगा

तमसा संकेत, एजेंसी

बदायूं। बदायूं में मूवी नहीं देख पाने पर पत्नी ने फंदे से लटक कर जान दे दी। मंगलवार देर रात पत्नी-पत्नी में विवाद हुआ। दोनों एक दूसरे से टेबलेट छीनने लगे। पति ने कहा पहले मैं मूवी देखूंगा। इसके बाद महिला गुस्सा होकर छत पर चली गई। वहां टिनशेड से फंदा लगा लिया। मायके वालों को बुधवार सुबह 10 बजे जैसे घटना की जानकारी हुई। वो मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। लड़की की मां ने कहा- ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के बाद पति को हिरासत में लिया है। घटना उसावां क्षेत्र की है।

दातागंज के कोहली मोहल्ले के रहने वाले कुंवरपाल की बेटी रोशनी (20) की शादी 6 फरवरी को जितेंद्र से हुई थी। वह गूरा बरेला का रहने वाला है। मंगलवार रात रोशनी का शव घर की छत पर बने टिनशेड में दुपट्टे से कुंडे के सहारे लटका मिला। ससुराल वाले रोशनी को फंदे से उतारकर कार से उसावां के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने इलाज से इनकार कर दिया। इसके बाद उसे अलापुर कस्बे के एक डॉक्टर के पास ले जाया गया। यहां रोशनी को मृत घोषित कर दिया गया। ससुराल वाले मंगलवार रात करीब 1 बजे शव को वापस घर ले आए।




**फास्ट न्यूज**

### आगरा में खंगाला जा रहा राजस्थान की संपत्तियों का रिकॉर्ड

आगरा । राजस्थान सरकार ने उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा, वाराणसी और प्रयागराज में जयपुर रियासत की संपत्तियों पर अपना मालिकाना हक जताते हुए उन्हें वापस मांगा है। इसके बाद आगरा प्रशासन ने मामले में रिकॉर्ड खंगालने की कवायद शुरू कर दी है। डीएम मनीष बंसल ने नगर निगम, आगरा विकास प्राधिकरण और एसडीएम सदर को पत्र भेजकर जयपुर हाउस से जुड़े अभिलेखों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### मंदिर में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

आगरा। आगरा की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने कॉलोनी के मंदिर में पांच साल की बच्ची से दुराचार के प्रयास के मामले में आरोपी पवित्र उर्फ पम्मी को दोषी माना है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने उसे 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की पूरी राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही, उचित प्रतिकर दिलाने के लिए आदेश की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए हैं।

### 5,600 करोड़ की ठगी में रिटायर्ड दरोगा का बेटा सरेंडर

कानपुर। कानपुर में 5,600 करोड़ की ठगी के मामले में फरार चल रहे रिटायर्ड दरोगा ताजदार के बेटे इखलाख हुसैन ने बुधवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, इखलाख के चार बैंक खातों में महज 8 दिन में 7.53 करोड़ का लेनदेन मिला है। यह रकम गेमिंग एप के जरिए हुई ठगी से जुड़ी बताई जा रही है।

# पुलिस के सामने छात्रों में जमकर लात-घूसे चले

## मेरठ कॉलेज में एक-दूसरे को बेल्ट से मारा

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ कॉलेज में बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे जमकर बवाल हो गया। छात्र पुलिसवालों के सामने ही एक-दूसरे को पीटने लगे। सिपाहियों के बीच-बचाव के बावजूद छात्र नहीं रुके। बेल्ट से जमकर पिटाई करते रहे।

कॉलेज में छात्रों का बवाल देख छात्राएं सहम गईं। कई तो कॉलेज परिसर ही छोड़कर बाहर भागने लगीं। पुलिस की सूचना पर और फोर्स बुलाई गई, जिसके बाद छात्रों के दोनों गुट पर काबू पाया गया। दरअसल, ये पूरा बवाल फ्रेशर छात्र की पिटाई से शुरू हुआ था।

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, बीए फर्स्ट इयर का एक छात्र बुधवार को पहली बार मेरठ कॉलेज आया था। वह कॉलेज में बैठा था। छात्र नेता अभिनव मल्लापुर गुट के कुछ युवक उसके पास पहुंचे। उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

इसके बाद दूसरे गुट विजित तालियान के छात्र भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। छात्रों ने एक-दूसरे को गिरा-गिराकर लात-घूसों और बेल्टों से पीटा। कॉलेज में लंबे समय से छात्र नेताओं के गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर झगड़ा चल रहा है।

छात्रों का बवाल बढ़ने की सूचना पर पहले लालकुर्ती थाना पुलिस कॉलेज पहुंची।



## कानपुर में पुलिस कोर्ट लेकर पहुंची, बोली- फोटो खींचने वालों को रोको

# करोड़पति कारोबारी की बहू दुपट्टे से मुंह छिपाती रही

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में करोड़पति दवा कारोबारी की हत्यारोपी बहू बुधवार को कोर्ट में पेशी के दौरान चेहरा छिपाती नजर आई। वह दुपट्टे से लगातार चेहरा ढकती रही और कैमरों से बचती नजर आई। उसने पुलिसकर्मियों से कहा- इनको रोको। इस दौरान उसकी बहन और भाई भी उससे मिलने कोर्ट पहुंचे।

पुलिस ने तीनों आरोपियों- बहू शालू, नौकर विशाल गौतम और उसके साथी राजकिशोर को सीजेएम प्रदीप कुमार शुक्ला की कोर्ट में सुबह करीब 10:30 बजे पेश किया। मामले को एसीजेएम कोर्ट में ट्रांसफर किया गया।

विवेचक कोर्ट में कहा- कारोबारी के फ्लैट की चार चाभी थी। इसमें रखी दो चाभी और परेड चौराहे पर आरोपियों की ओर से बनवाए गए डुप्लीकेट चाभी की बरामदगी करनी है। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के लिए 24 घंटे की रिमांड मांगी है, जबकि क्रॉस एग्जामिनेशन के लिए कारोबारी के बेटे सुब्रत की भी रिमांड मांगी गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी। मंगलवार को कल्याणपुर इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी ने रिमांड के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कारोबारी विनीत मनोचा की 5 सितंबर को उनके फ्लैट के कमरे में हत्या कर दी गई थी। हत्या की साजिश का आरोप बहू शालू पर लगा है।






यह तस्वीर कारोबारी की बहू शालू की हल्दी सेरेमनी की है। कारोबारी की हत्या के मामले में बहू आरोपी है।



यह तस्वीर दवा कारोबारी विनोद मिनोचा की है। (फाइल फोटो)

**पुलिस ने तिलक नगर स्थित कॉस्मोजिन लाउंज में हुई कपल किटी पार्टी की करीब चार घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कब्जे में ली है। पुलिस इसे भी जांच का हिस्सा मानकर देख रही है।**

### पहले एक आरोपी के अंदर जाने की थी योजना

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि शुरुआत में एक आरोपी के फ्लैट में जाने और दूसरे के बाहर निगरानी करने की योजना थी। हालांकि, विनीत के मजबूत शरीर को देखते हुए दोनों ने साथ अंदर जाने का फैसला किया। पुलिस ने विशाल, शालू और राजकिशोर के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल खंगालने के साथ जेल में आरोपियों से पूछताछ की। इससे हत्या की साजिश और वारदात से पहले आरोपियों की गतिविधियों की कड़ियां जोड़ने में मदद मिली है।

## मुजफ्फरनगर में सिक्योरिटी गार्ड का बेटा बोला- हत्यारोपियों का एनकाउंटर हो नहीं तो मैं बदला लूंगा

# 'अगर मैंने नहीं मारा तो वे मुझे मार देंगे'

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। 'जैसे मेरे पिता की गोली मारकर हत्या की गई है, ठीक उसी तरह पुलिस भी एनकाउंटर में कातिलों को गोली मारे। उनका एनकाउंटर हो। अगर ऐसा नहीं होता है तो मैं बदला लेने के लिए मजबूर हो जाऊंगा। मेरा परिवार बर्बाद हो चुका है अगर मैंने उन्हें नहीं मारा तो वो मुझे मार देंगे।'

ये कहते हुए सिक्योरिटी गार्ड सुभाष बालियान का बेटा सागर फफककर रो पड़ता है। 15 सितंबर की सुबह करीब 10:30 बजे सुभाष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी हमलावरों ने उन्हें रोककर सीने में गोली मार दी।

वारदात मुजफ्फरनगर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर शाहपुर थाना क्षेत्र के किनोनी गांव की है। मृतक सुभाष का बड़ा बेटा आकाश गांव की एक लड़की को भगाकर ले जाने के आरोप में जेल में है। इसी रंजिश में सुभाष की हत्या की आशंका जताई जा रही है। दो दिन पहले इसी मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी। पंचायत में लड़की ने आकाश के पक्ष में बयान दिया था। इसके बाद उसे नारी निकेतन भेज दिया गया था।

मृतक सुभाष के छोटे बेटे सागर ने बताया-'मेरे पापा साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी उन्हें गोली मार दी। आरोपी मुझे और मेरे पिता को अपने घर बुला रहे थे। आरोपियों की प्लानिंग हम दोनों को मारने की थी। इत्तेफाक से हम नहीं गए। वो लोग यह दिखाना चाहते थे कि हमने उनके घर पर हमला किया और उन्होंने हमें मार दिया। आरोपी गांव के दबंग परिवार हैं। उनके पास लाइसेंसी बंदूकें हैं। मेरा भाई आकाश इस समय बिना किसी कसूर के जेल में है, जबकि लड़की ने उसके पक्ष में बयान दिया है। इसमें पुलिस की लापरवाही रही है। उन्होंने बस एकतरफा कार्रवाई की। भाई को लड़की के बयान के बिना ही जेल भेज दिया।'




### एक महीने पहले लड़की को लेकर फरार हुआ था आकाश

एक महीने पहले आकाश लड़की को लेकर घर से चला गया था। लड़की के परिवार ने आकाश के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों को बरामद कर आकाश को जेल भेज दिया, जबकि लड़की को मेरठ के नारी निकेतन भेज दिया गया।

इसके बाद दोनों परिवारों में विवाद बढ़ गया। इसी मामले को लेकर दो दिन पहले गांव में पंचायत हुई थी। पंचायत में लड़की ने आकाश के पक्ष में बयान दिया। इसके बाद उसे दोबारा नारी निकेतन भेज दिया गया।




### लड़की के पिता-भाई पर हत्या का आरोप

15 सितंबर की सुबह सुभाष घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। तभी कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और सीने में गोली मार दी। परिजनों की तरफ से हत्या का आरोप लड़की के भाई हरिओम और पिता सतेंदर पर लगाया जा रहा है। फायरिंग 312 बोर के तमंचे से किए जाने की बात सामने आई है।

SSP संजय कुमार वर्मा ने कहा- अफेयर को लेकर रंजिश में हत्या हुई

# सपा छात्र सभा की नीली ड्रेस पर सियासत

## भीम आर्मी बोली- रंग बदलने से कुछ नहीं होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । समाजवादी पार्टी की छात्र सभा के नए ड्रेस कोड को लेकर सियासत गरमा गई है। समाजवादी छात्र सभा ने अब नीली जींस और नीली टी-शर्ट को ड्रेस कोड बनाया है। पार्टी का कहना है कि नीला रंग किसी एक दल का नहीं है और समाजवादी पार्टी बहुरंगी विचारधारा वाली पार्टी है, जिसमें लाल, हरा और नीला समेत सभी रंगों के लिए जगह है।

सपा ने नीली ड्रेस के बाद 15 सितंबर से पूरे प्रदेश में कालेज और यूनिवर्सिटियों में जाकर छात्र-छात्राओं से मिलकर आने वाली सरकार से क्या चाहते हैं, इन मुद्दों के प्रस्ताव नोट करेगी। इसके लिए 15 दिन का अभियान शुरू किया गया है। इसे Gen-Z से जोड़ने से लेकर देखा जा रहा है। भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष कौशल वाल्मीकि ने इसे राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश बताई। कहा- सिर्फ नीली ड्रेस पहनने से डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों से जुड़ाव साबित नहीं होता। सपा पहले अपनी मानसिकता बदले, केवल पहनावा बदलने से किसी विचारधारा से नहीं जुड़ा जा सकता है। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश सचिव सिराज हुसैन ने ड्रेस कोड में बदलाव की वजह बताते हुए कहा कि आज कॉलेज और यूनिवर्सिटी में ज्यादातर युवा जींस और टी-शर्ट में नजर आते हैं।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### चुनाव से पहले एक...

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गांव या शहर में नागरिकों के जीवन स्तर का पता विकास और वहां उपलब्ध जनोपयोगी सुविधाओं से चलता है। इसके लिए कानून का राज और सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण होना जरूरी है। 2017 के बाद गोरखपुर और उत्तर प्रदेश में कानून का राज सुनिश्चित कर विकास एवं सुविधाओं की नई श्रृंखला खड़ी की गई है। माफिया या तो जेल में है या दूसरे लोक की यात्रा पर जा चुका है। आज हर व्यक्ति के लिए सुरक्षा तथा पर्व-त्योहारों के लिए बेहतरीन वातावरण की गारंटी है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में यूपी और गोरखपुर में 2017 के बाद से दिख रहे बदलाव का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस, मच्छर व माफिया को समाप्त कर इंफ्रास्ट्रक्चर से गोरखपुर और उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई गई है। पिछली सरकारों के निकम्मेपन से 2017 के पहले तक हर साल इंसेफेलाइटिस से सैकड़ों मौतें होती थी। तब सपा या कांग्रेस का कोई मंत्री या मुख्यमंत्री गरीबों को देखने बीआरडी मेडिकल कॉलेज नहीं आता था। मुझे आंदोलन करना पड़ता था। मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने 40 वर्ष की बीमारी को दो वर्ष में समाप्त कर दिया।

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में नौजवानों को नौकरी की गारंटी है। हमारी सरकार ने अब तक साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। और, चुनाव की घोषणा से पहले, सरकार अगले छह माह में एक लाख और युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रही है। 2017 के पहले सरकारी भर्ती निकलने पर सैफई सिंडिकेट वसूली करने निकल पड़ता था। तब नौजवानों का भविष्य खतरे में पड़ता था। हमारी सरकार में गोरखपुर के गीडा में 500 कारखाने लगे, जिससे अकेले गीडा में 50 हजार नौजवानों को रोजगार मिला और इस क्षेत्र को पलायन से मुक्ति मिली। डबल इंजन की सरकार ने युवाओं के सामने पहचान का संकट भी दूर किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### सत्य निकेतन...

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि अधिकारियों ने घटना के बाद कई कदम उठाए हैं। इनमें छात्रों के लिए जमीन और अन्य सुविधाओं की पहचान कर उन्हें अलग रखना भी शामिल है। बेंच ने कहा, हॉस्टल की कमी कोई नई समस्या नहीं है। इसके बारे में कौन नहीं जानता। स्टूडेंट्स पढ़ाई के लिए दिल्ली आ रहे हैं। देखिए, क्या हो गया।"

कोर्ट सत्य निकेतन हादसे की स्वतंत्र जांच की मांग वाली PIL पर सुनवाई कर रहा था। यह PIL आकर्षक दानवीर राठी ने दायर की है। याचिका में सभी पेइंग-गेस्ट आवासों की जांच की मांग की गई है। इसमें पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए मुआवजे और पुनर्वास योजना की मांग भी की गई है। बेंच ने कहा कि इस PIL पर 25 सितंबर को एक दूसरी याचिका के साथ सुनवाई होगी।

हाईकोर्ट ने 7 सितंबर को घटना की उच्चस्तरीय MCD जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने साफ कहा था कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा था कि यह घटना सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण नहीं है। इससे हॉस्टल समेत छात्रों के लिए पर्याप्त आवास सुविधाओं पर गंभीर चिंता पैदा हुई है।

अदालत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी और सरकार की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टलों की स्थिति पर भी चिंता जताई थी। इसके अलावा, छात्रों की सुरक्षा और पेइंग-गेस्ट सुविधाओं को नियंत्रित करने के लिए MCD और अन्य अधिकारियों के अपर्याप्त कदमों पर सवाल उठाए थे।

दिल्ली पुलिस ने PG हादसे में बिल्डिंग मालिक हरिराम बंसल, उनकी पत्नी उर्मिला, बेटे महेश, लेबर कॉन्ट्रैक्टर सनोज और सुधांशु नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में ठेकेदार सनोज ने बताया कि महेश गुप्ता ने उसे 10 दिन पहले रेनोवेशन के लिए लगाया था। उसे 2800 रुपये रोज मिलते थे। काम बेसमेंट को ग्राउंड फ्लोर के बराबर लेवल करने का था, जिसके लिए बेसमेंट में करीब 3 ट्रक मलबा भरा गया था।

### नकारात्मक अभियान...

उनके अनुसार जनता सपा के साथ है और पार्टी को 2027 में मजबूत बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए संगठन को अभी से सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार में मुनाफाखोरी के कारण महंगाई बढ़ी है और आम उपभोक्ता परेशान है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से त्रस्त है और उसे विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### बिहार में 50 लाख...

रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को हेलमेट पहनाकर भेजा जा रहा है। चार दिन पहले लैंडस्लाइड में कई घोड़े-खच्चर मारे गए थे। रास्ते में पड़े शवों से बदबू और सांस लेने में परेशानी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

राजस्थान के 26 जिलों में 17 सितंबर तक बारिश का यलो अलर्ट है। मंगलवार को अजमेर, पाली समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में 17 से 19 सितंबर तक और 18 से 21 सितंबर तक पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।

छत्तीसगढ़ में आज कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है। कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी है। पिछले 24 घंटे में रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश की गतिविधियां कम होने के साथ अब तापमान बढ़ने लगा है। राजनांदगांव सबसे गर्म रहा, यहां पारा 35 डिग्री तक पहुंच गया।

### 25,000 हुई...

कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे ज्यादा प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी पेंशन के दायरे में आएंगे. उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों के सोशल सिक्योरिटी बढ़ाने के नजरिए के तहत ये फैसला लिया है. इससे अब ज्यादा कर्मचारी EPS के दायरे में आएंगे. उन्होंने कहा कि इससे पहले कर्मचारियों के लिए पीएफ की अनिवार्य सीमा आखिरी बार 1 सितंबर 2014 को बढ़ाई गई थी, जब इसे 6,500 से बढ़ाकर 15,000 किया गया था. इतने ज्यादा समय के बाद इसमें सुधार की जरूरत थी, जिस कारण यह फैसला लिया गया है.

### यूपीआई पर चार्ज...

भारत की सबसे बड़ी स्टॉक ट्रेडिंग कंपनी जिरोधा के फाउंडर और CEO नितिन कामथ ने कहा कि UPI का इस्तेमाल बहुत बड़े पैमाने पर होने लगा है, जिसके बाद MDR शायद जरूरी हो, लेकिन इन्वेस्टिंग और ब्रोकिंग जैसे मामलों में मौजूदा एमडीआर फ्रेमवर्क प्रैक्टिकल नहीं लगता उनके मुताबिक, सामान्य मर्चेंट और ब्रोकर के बीच बड़ा फर्क है।

### मैं दिशा सालियान को...

बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश के बाद दिशा के पिता सतीश सालियान ने कहा था कि दिशा का गैंगरेप और हत्या हुई। मामले को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने आदित्य ठाकरे समेत अन्य लोगों के खिलाफ FIR की मांग की थी।

उन्होंने यह भी कहा था- मैं 6 साल से इसका इंतजार कर रहा था। खुश होने की कोई वजह नहीं है। मैंने अपनी बेटी को खोया है। आज मुझे राहत महसूस हो रही है। मैंने हाथ जोड़कर जज के प्रति आभार जताया। सतीश सालियान के वकील निलेश ओझा ने कहा था कि जिन लोगों के खिलाफ जांच में सबूत मिलेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ सबूत नहीं मिलता है तो उसे आरोपी नहीं बनाया जाएगा। अगर CBI की रिपोर्ट नकारात्मक आती है, तो परिवार को उस पर आपत्ति जताने और प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल करने का अधिकार रहेगा।

## भारत के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा टी-20 हारने वाली टीम बनी अफगानिस्तान

# रोहित शर्मा के क्लब में शामिल हुए संजू सैमसन

**मुकाबला**

संजू सैमसन टी-20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर हजार रन पूरे करने वाले पांचवे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम अब 1,026 रन हैं। रोहित शर्मा 3750 रन के साथ इस मामले में पहले स्थान पर हैं।





गुरबाज बिना रन बनाए अर्शदीप की गेंद पर कैच आउट हुए।

दिल्ली, एजेंसी

भारत ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। मैच में फिफ्टी लगाने वाले भारतीय ओपनर संजू सैमसन अब रोहित शर्मा के क्लब में शामिल हो गए हैं। वे बतौर ओपनर टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हजार रन बनाने वाले पांचवे भारतीय बन गए। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार 10वां टी-20 मैच जीता। यह भारत का किसी एक टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा टी-20 जीत का रिकॉर्ड है। इसके अलावा मैच में कई इंटरेस्टिंग मोमेंट्स भी देखने को मिले। राशिद खान के एक ही ओवर में अभिषेक शर्मा और सैसमन छक्का लगाने के बाद अगली ही गेंद पर आउट हो गए।

### भारत से लगातार 10वां टी-20 हारा अफगानिस्तान

अफगानिस्तान ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह भारत के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा टी-20 मैच हारने वाली टीम बन गई है। अफगानिस्तान ने 2010 से 2026 के बीच भारत के खिलाफ लगातार 10 मैच गंवाए हैं।

मोहम्मद नबी टी-20 इंटरनेशनल में 2,500+ रन बनाने और 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले अफगान क्रिकेटर भी हैं। उनके नाम 2,501 रन और 111 विकेट हैं।

### गुरबाज लगातार दूसरे मैच में बिना खाता खोले आउट

अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट हुए। दूसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने उन्हें कैच आउट कराया। अर्शदीप सिंह ने ओवर की तीसरी गेंद धीमी और शॉर्ट लेंथ डाली। गुरबाज ने फ्लैट-बैट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन टॉप-एज लगा और गेंद मिड-ऑन पर गई। वहां खड़े रवि बिश्नोई ने आसानी से कैच कम्प्लीट किया। गुरबाज सिर्फ 3 गेंद खेल सके। पिछले मैच में भी वे 2 गेंद पर बिना रन बनाए आउट हुए थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया

## रेनशॉ का पहला वनडे शतक, एलिस के 5 विकेट

नई दिल्ली, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने हरारे में खेले गए पहले वनडे में जिम्बाब्वे को 59 रन से हरा दिया। मैट रेनशॉ के पहले वनडे शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 294 रन बनाए।

जवाब में नाथन एलिस के करियर बेस्ट 5 विकेट के सामने जिम्बाब्वे की टीम 235 रन पर ऑलआउट हो गई। मैट रेनशॉ ने 88 गेंदों में अपना पहला वनडे शतक पूरा किया। उन्होंने 55 गेंदों में अर्धशतक लगाया और अगली 33 गेंदों में दूसरा अर्धशतक पूरा कर शतक तक पहुंचे। उनकी पारी में दो बड़े छक्के भी शामिल रहे, जिनमें से एक स्टेडियम की छत पर जा गिरा।

रेनशॉ ने एलेक्स कैरी और ओली पीक के साथ पार्टनरशिप की। उन्होंने कैरी के साथ पांचवें विकेट के लिए 83 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी की। जबकि पीक के साथ छठे विकेट लिए 69 गेंदों पर 75 रन की पार्टनरशिप की। पीक ने 30 गेंदों में 40 रन बनाए, जबकि रेनशॉ आखिरी ओवर में 104 रन बनाकर आउट हुए। 295 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही। टीम ने 46 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद क्रेग एर्विन और सिकंदर रजा ने 98 रन की साझेदारी कर पारी संभाली। नाथन एलिस ने अपने दूसरे स्पेल में एर्विन को बोल्ड कर साझेदारी तोड़ी। एर्विन ने 52 रन बनाए। इसके बाद स्पेंसर जॉनसन ने रजा को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया।

# जोस बटलर ने रोहित को पीछे छोड़ा ब्रूक का 42 गेंद में शतक

## इंग्लैंड की टी-20 में श्रीलंका पर लगातार 13वीं जीत

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड ने मंगलवार को पहले टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 119 रन से हरा दिया। यह इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच में लगातार 13वीं जीत है।

हैरी ब्रूक ने साउथैम्पटन में खेले गए इस मुकाबले में 42 गेंद पर शतक जमाया। उन्होंने इस पारी में 10 चौके और 6 छक्के लगाए। जोस बटलर ने 80 रन की पारी खेली।

बटलर ने टी-20 इंटरनेशनल में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। उनके 161 मैचों में 4,292 रन हैं। रोहित के नाम 4,231 रन हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 4,596 रन के साथ इस लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। कप्तान ब्रूक और बटलर की बदौलत इंग्लैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 19 ओवर में 135 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्रूक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हैरी ब्रूक ने 49 गेंदों में नाबाद 114 रन बनाए। उन्होंने 42 गेंद में शतक पूरा किया, जो इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में जॉइंट दूसरा सबसे तेज शतक है। लियाम लिविंगस्टोन भी 42 गेंदों में सेंचुरी लगा चुके हैं। फिल सॉल्ट के नाम 39 गेंदों में शतक का रिकॉर्ड है। हैरी ब्रूक का यह इस साल व्हाइट-बॉल क्रिकेट में उनका तीसरा शतक है। उन्होंने फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 50 गेंदों में सेंचुरी लगाई थी। जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे में नाबाद 136 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने पावरप्ले में 90 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में उसका दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इंग्लैंड का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर 91 रन है, जो उसने 2022 में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।

## 6 अक्टूबर को अर्जेंटीना के लिए आखिरी मैच खेलेंगे, एएफए ने बेनिन के खिलाफ मुकाबले के लिए टीम में चुना

# मेसी की इंटरनेशनल फुटबॉल से विदाई

नई दिल्ली, एजेंसी

लियोनेल मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास के बाद एक बार फिर अर्जेंटीना की जर्सी में नजर आएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने उन्हें 6 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स के मॉन्यूमेंटल स्टेडियम में बेनिन के खिलाफ होने वाले फ्रेंडली मैच के लिए टीम में शामिल किया है। यह मुकाबला मेसी की राष्ट्रीय टीम के साथ आधिकारिक विदाई के तौर पर खेला जाएगा।

AFA के अध्यक्ष क्लॉडियो तापिया ने सोशल मीडिया पर मेसी की विदाई की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मेसी को वह सम्मानजनक विदाई देने के लिए बुलाया गया है, जिसके वे हकदार हैं।

तापिया ने यह भी बताया कि मेसी ने इस मुकाबले में शामिल होने का न्योता स्वीकार कर लिया है। अर्जेंटीना के 2022 वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ियों और उनके परिवारों को भी इस खास मैच में आमंत्रित किया जाएगा।

मेसी ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने पास मौजूद सब कुछ दे दिया है। अब उनके पास देने के लिए कुछ और नहीं बचा है। वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना की हार के बाद मेसी के सामने सवाल था कि क्या उन्हें राष्ट्रीय टीम के साथ अपना सफर जारी रखना चाहिए। अपने पिता जॉर्ज मेसी की मौत के बाद उन्होंने इस फैसले पर गंभीरता से विचार किया। पिता की मौत के बाद मेसी ने अपने भविष्य को लेकर संदेह जताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं पता कि वह अर्जेंटीना के लिए कितने समय तक और खेल पाएंगे।



### 6 अक्टूबर को बेनिन से मुकाबला

अर्जेंटीना और बेनिन के बीच यह मैच मॉन्यूमेंटल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह सितंबर-अक्टूबर की इंटरनेशनल विंडो में अर्जेंटीना का तीसरा घरेलू फ्रेंडली मुकाबला होगा। टीम इससे पहले 30 सितंबर को कॉर्डोबा में बोलीविया और 3 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में बुर्किना फासो से खेलेगी।



पिता जॉर्ज मेसी (बाएं) के साथ लियोनेल, उनका 8 अगस्त को 68 साल की उम्र में निधन हो गया था।

### मेसी ने 31 अगस्त को सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान किया

मेसी ने 31 अगस्त को हाथ से लिखे 230 शब्दों के नोट को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने की जानकारी दी थी। उन्होंने लिखा था कि यह फैसला लेना तकलीफदेह था। मैदान से दूर होने का विचार उन्हें अंदर तक दुख देता है, लेकिन उन्हें लगता है कि अब ऐसा करने का समय आ गया है। मेसी ने उस अर्जेंटीना की जर्सी को याद किया, जिसके लिए उन्होंने हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने लिखा कि अब समय कम बचा है। हर चैप्टर खत्म होता है और नेशनल टीम का चैप्टर भी अब खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा बनना उन्हें पसंद था, पसंद है और हमेशा रहेगा।

**मनोरंजन**

# उल्टी आरती कर रहे थे सलमान खान, बहन ने टोका

## यूलिया वंतूर ने भी आरती की, सोहेल खान के गणपति विसर्जन में थिरका परिवार



नई दिल्ली। सलमान खान मंगलवार को खान परिवार के गणपति विसर्जन में शामिल हुए। उन्होंने परिवार के साथ बप्पा की आरती की। इस बार खान परिवार ने सोहेल खान के घर गणेश चतुर्थी का आयोजन किया था।

अब खान परिवार के विसर्जन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान खान गणपति बप्पा की उल्टी आरती करते दिखे हैं। कुछ देर बाद बहन अर्पिता ने उन्हें टोकते हुए सही तरीका बताया, जिसके तुरंत बाद सलमान ने गलती सुधार ली।

सलमान खान के परिवार के गणपति विसर्जन में उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर भी पहुंची। सलमान के ठीक बाद यूलिया ने आरती की। अर्पिता खान उन्हें भी आरती सिखाती दिखीं। विसर्जन से पहले खान परिवार ने की आरती

सोहेल खान के बिल्डिंग परिसर में हुए गणेश विसर्जन में पूरा खान परिवार शामिल रहा। सोहेल खान, अर्पिता शर्मा ने बच्चों के साथ आरती की। वहीं हेलेन और अन्य मेहमानों ने भी बप्पा के दर्शन किए। सलमान खान ने गणेश चतुर्थी में अपना लुक पूरी तरह बदल लिया है। वह सोहेल खान और अंबानी परिवार के घर गणेश स्थापना के बाद बैंडाना लुक में पहुंचे। ऐसा ही कुछ मिलता-जुलता लुक विसर्जन में दिखा। उन्होंने टी-शर्ट, हाफ लेदर जैकेट के साथ विंटर कैप पहन रखी थी। सोहेल खान के घर विसर्जन में पहुंचे सलमान का स्टाफ की गोद में सो रही एक बच्ची ने ध्यान खींच लिया। सलमान पास गए और बच्ची को सहलाया। सलमान खान अंबानी परिवार के गणपति सेलिब्रेशन का हिस्सा बने हैं। इस दौरान उन्होंने बप्पा का आशीर्वाद लिया और भगवान को फूल अर्पण किए।

**सलमान खान ने नए लुक के साथ एंटीलिया में एंट्री ली और तस्वीरें क्लिक कराईं। कुछ देर बाद उन्होंने गणपति प्रतिमा के सामने जाकर आशीर्वाद लिया। पंडित जी ने उन्हें तिलक लगाया और पटका पहनाया। आगे सलमान ने गणपति बप्पा को पुष्प अर्पित किए।**



### मन्नत बेचने की बात पर शाहरुख बोले नई गैलरी से अब और भी चमकूंगा

शाहरुख खान ने मंगलवार को #AskSRK सेशन में फैंस के कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने 300 करोड़ रुपए की कीमत वाले अपने घर 'मन्नत' के रेनोवेशन और नई गैलरी को लेकर अपडेट दिया। एक फैन ने मजाक में मन्नत बेचने की बात कही तो शाहरुख ने कहा कि नई गैलरी बन रही है और अब वह वहीं से फैंस को नजर आएंगे। उन्होंने फिल्म 'किंग' की रिलीज डेट भी कन्फर्म की और बताया कि फिल्म 24 दिसंबर को ही सिनेमाघरों में आएगी।

शाहरुख खान सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक्स पर #AskSRK सेशन किया। एक फैन ने उनकी चर्चित बालकनी को लेकर मजाकिया अंदाज में लिखा कि अगर वह वहां आकर फैंस का अभिवादन नहीं कर रहे हैं तो मन्नत बेच देनी चाहिए।

शाहरुख के जन्मदिन और दूसरे खास मौकों पर फैंस उनके घर के बाहर बड़ी संख्या में जुटते हैं। अभिनेता भी मन्नत की बालकनी से हाथ हिलाकर उनका अभिवादन करते रहे हैं।

फैन के कमेंट पर शाहरुख ने अपने अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह मन्नत में नई गैलरी बनवा रहे हैं और अब उसी गैलरी से फैंस को नजर आएंगे। शाहरुख ने लिखा, 'अब नई गैलरी बना रहा हूं ना तो और भी चमकूंगा नई गैलरी पर। साथ ही, उम्मीद है कि मेरे पास पकड़ने के लिए कुछ सहारा भी होगा।'

# 'सुशांत सिंह राजपूत के कातिल अब पकड़े जाएंगे'

## एक्टर के एमएलए भाई बोले-उद्धव सरकार ने सबूत मिटाए



नई दिल्ली। एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में CBI ने सोमवार को FIR दर्ज की है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को दिशा के पिता की याचिका पर CBI जांच के निर्देश दिए थे।

FIR दर्ज होने के बाद एक्टर सुशांत सिंह के चचेरे भाई और बीजेपी विधायक नीरज बब्लू ने दावा किया है कि अगर दिशा के हत्यारे पकड़े जाते हैं, तो सुशांत की हत्या का राज भी खुल जाएगा।

नीरज बबलू ने आरोप लगाया कि उस वक्त महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार थी, जो उनके खिलाफ थी। उन्होंने जानबूझकर दोनों हत्याओं के मामलों को दबाने का काम किया। जब बिहार में सीबीआई जांच की मांग उठी, तब तक वहां सभी सबूत मिटा दिए गए थे और तथ्य छिपा लिए गए थे। पूर्व मंत्री ने बताया कि उस समय दिशा सालियान के पिता सदमे में थे, लेकिन महाराष्ट्र में सरकार बदलने और बीजेपी के सत्ता में आने के बाद उन्हें सुरक्षा और न्याय की उम्मीद जगी। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने जांच बढ़ाते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है।

## एक्ट्रेस अंबिका बोलीं- अगर इससे वो शर्मिंदगी का सामना करते हैं, तो सावधानी बरतनी चाहिए

# तृषा को थलापति विजय के साथ न दिखने की सलाह

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता विजय तथा अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन की हालिया साथ मौजूदगी फिर चर्चा में है। दोनों ब्रिटेन के सिल्वरस्टोन में अजित कुमार की ले मैन्स कप रेस में नजर आए। विजय ने इस इवेंट को फ्लैग ऑफ किया। रेस से एक वीडियो सामने आया, जिसमें तृषा, विजय के साथ बालकनी में नजर आईं।

इसी बीच दिग्गज अभिनेत्री अंबिका ने तृषा को विजय के साथ सार्वजनिक जगहों पर दिखने को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी। अंबिका ने साउथ की न्यूड वेबसाइट रेडपिक्स को दिए इंटरव्यू में कहा, "तृषा को शायद लगता होगा कि वो और विजय सिर्फ दोस्त हैं, तो उन्हें आलोचना से फर्क नहीं पड़ता। लेकिन विजय एक बड़े पद पर हैं और साथ नजर आने से उसे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है या इसका बुरा असर पड़ता है, तो मैं अगर तृषा की जगह होती तो ऐसा नहीं करती। मैं पीछे हट जाती और विजय के लिए मुश्किल खड़ी नहीं करती।"

अंबिका ने यह भी कहा कि सिर्फ इसलिए दोस्ती खत्म नहीं की जा सकती, क्योंकि दोनों में से एक व्यक्ति बड़े पद पर पहुंच गया है।





अंबिका साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं।



### रेस में साथ पहुंचने से फिर चर्चा में आया अफेयर रूमर

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और एक्टर थलापति विजय ने शनिवार को सिल्वरस्टोन में मिशेलिन ले मैन्स कप रेस की हरी झंडी दिखाकर ओपनिंग की। साउथ स्टार अजीत कुमार इस रेस में शामिल थे, जिन्होंने 38वां स्थान हासिल किया है। हालांकि इस रेस के दौरान थलापति विजय के साथ रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृषा कृष्णन की मौजूदगी ने ध्यान खींच लिया है।

सोशल मीडिया पर रेस से जुड़े कई वीडियो सामने आ रहे हैं। कुछ में विजय, तृषा के साथ रेस एंजॉय करते दिखे, कुछ में एक्टर अजीत से रेस से पहले मुलाकात करते तो कभी रेस को हरी झंडी दिखाते।

